प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



ईरान के मुद्दे पर अमेरिका से और भी दूर हुआ नाटो पेज- 2

ट्रिपल आत्महत्या कांड : फरार आरोपी पर 25 हजार का इनाम घोषित पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 88 | गुरुवार 19 मार्च, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## इंदौर में 8 लोग जिंदा जले, पीएम मोदी ने जताया शोक

### -पीड़ित परिवार के लिए किया मुआवजे का ऐलान

(एजेंसी) इंदौर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के इंदौर में आज तड़के हुए भीषण अग्निकांड में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजन के लिए दो–दो लाख रुपए की राहत राशि का ऐलान किया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर इस हादसे पर शोक जताते हुए कहा कि हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो–दो लाख रुपए की राहत राशि दी जाएगी। साथ ही घायलों को 50–50 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। इंदौर के बृजेश्वरी एनेक्सी रिहायशी इलाके के एक मकान में आज तड़के हुए इस दिल दहला देने वाले हादसे में बिहार के किशनगंज जिले से आए 6 लोगों समेत कुल 8 लोगों की मौत हुई है। विजय सेठिया पिछले कुछ समय से गंभीर रूप से अस्वस्थ थे। वे परिवार के साथ इलाज के सिलसिले में इंदौर स्थित अपने रिश्तेदार (पुगलिया परिवार) के घर रुके हुए थे। बताया जा रहा है कि हादसा देर रात अचानक से चार्जिंग पर लगी कार में आग लगने हुआ। कार में लगी आग देखते ही देखते पूरे घर में फैली जिससे पूरा घर जलकर खाक हो गया और घर में सो रहे छह लोग जिंदा जल गए। वहीं दो लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। वहीं इस दर्दनाक हादसे पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने हादसे में दिवंगत नागरिकों को विनम्र श्रद्धांजलि दी। शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। वहीं ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए की प्रार्थना की।



## प्रधानमंत्री से 28 मार्च को जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन का अनुरोध किया है : आदित्यनाथ

(एजेंसी) लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से 28 मार्च को जेवर में स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करने का अनुरोध किया गया है। आदित्यनाथ ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश की हवाई कनेक्टिविटी काफी बढ़ी है। उन्होंने कहा, देश में कनेक्टिविटी के लिए, विशेष रूप से हवाई कनेक्टिविटी के लिए, उत्तर प्रदेश में आज 16 घरेलू हवाई अड्डे और चार अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे हैं। देश का पांचवां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा जेवर में बन रहा है। हमने प्रधानमंत्री से 28 मार्च को इसका उद्घाटन करने का अनुरोध करते हुए उन्हें आमंत्रित किया है। उन्होंने यह भी कहा कि इस हवाई अड्डे के संचालन से राज्य की अर्थव्यवस्था को काफी प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, कल्पना करें कि जब जेवर हवाई अड्डे का संचालन शुरू होगा तो विकास का क्या स्तर होगा। इससे उत्तर प्रदेश सरकार को करीब एक लाख करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित होने की उम्मीद है। उन्होंने नवनिर्माण के नौ वर्ष कार्यक्रम में यह बात कही। गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर में सार्वजनिक–निजी साझेदारी मॉडल के तहत विकसित किया जा रहा नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा एक प्रमुख ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और प्रमुख घरेलू व अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाना है। इसके पहले चरण में, हवाई अड्डे में एक रनवे और एक यात्री टर्मिनल होगा, जिसकी वार्षिक यात्री वहन क्षमता लगभग 1.2 करोड़ यात्री होगी। टर्मिनल लगभग 1.38 लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला होगा, जिसमें 48 चेक–इन काउंटर, नौ सुरक्षा जांच लेन और नौ आव्रजन काउंटर होंगे, साथ ही घरेलू व अंतरराष्ट्रीय लाउंज भी होंगे। हवाई अड्डे में 10 एरोब्रिज, 28 विमान पार्किंग स्टैंड और एक रनवे होगा, जो प्रति घंटे लगभग 30 उड़ानों के संचालन में सक्षम होगा। एक कार्गो हब भी स्थापित किया जाएगा, जिसकी प्रारंभिक क्षमता वार्षिक 2.5 लाख टन होगी, जिसे बाद के चरणों में 15 लाख टन तक बढ़ाया जा सकेगा।




## गुजरात विधानसभा को बम की धमकी, बजट सत्र के बीच खाली कराया गया परिसर, मचा हड़कंप

(एजेंसी) गांधीनगर। गुजरात में बजट सत्र के तहत सदन की कार्यवाही शुरू होने से कुछ ही देर पहले बुधवार को विधानसभा परिसर में बम रखे होने की धमकी वाला ईमेल प्राप्त हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) पीयूष वांडा ने बताया कि ईमेल में विधानसभा परिसर में बम रखे जाने का दावा किया गया, जिसके बाद सभी कर्मचारियों और विधायकों को परिसर खाली करने के लिए कहा गया। उन्होंने बताया कि बजट सत्र के तहत सदन की कार्यवाही सुबह नौ बजे शुरू होनी थी, लेकिन सुबह 8.45 बजे अधिकारियों को इस धमकी के बारे में पता चला। डीएसपी ने कहा, श्ईमेल के माध्यम से बम की धमकी की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और विस्फोटक पदार्थों की तलाश के लिए अभियान शुरू किया।श उन्होंने बताया कि अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

## राज्यसभा में 59 सांसदों को विदाई, पीएम मोदी बोले- 'संसद एक ओपन यूनिवर्सिटी

### –राजनीति में कभी फुल स्टॉप नहीं'

(एजेंसी) नई दिल्ली। राज्यसभा में बुधवार को एक भावुक और गरिमामय माहौल देखने को मिला, जब अप्रैल से जुलाई के बीच सेवानिवृत्त होने जा रहे 59 सांसदों को औपचारिक विदाई दी गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद की भूमिका, वरिष्ठ नेताओं के योगदान और लोकतांत्रिक परंपराओं की अहमियत पर विस्तार से बात की। विदाई पाने वाले प्रमुख नेताओं में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) के नेता रामदास आठवले शामिल रहे। हालांकि, शरद पवार और रामदास आठवले दोबारा राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में संसद को "ओपन यूनिवर्सिटी" बताते हुए कहा कि यहां हर दिन सीखने और सिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि संसद में होने वाली बहसें, चर्चाएं और विचार–विमर्श लोकतंत्र को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा, "यह सदन एक ऐसा मंच है जहां विभिन्न विषयों पर चर्चा होती है, अलग–अलग विचार सामने आते हैं और हर सदस्य का योगदान महत्वपूर्ण होता है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में एक महत्वपूर्ण संदेश देते हुए कहा कि राजनीति में कभी पूर्ण विराम नहीं होता। उन्होंने विदा हो रहे सांसदों को संबोधित करते हुए कहा कि उनका अनुभव और योगदान हमेशा देश के काम आएगा। उन्होंने कहा, भविष्य आपका इंतजार कर रहा है। कुछ लोग फिर से सदन में लौट सकते हैं, तो कुछ सामाजिक जीवन में अपने अनुभव का उपयोग करेंगे। उन्होंने यह भी जोड़ा कि जो नेता अब सक्रिय संसदीय भूमिका में नहीं रहेंगे, उनका योगदान फिर भी राष्ट्रीय जीवन का स्थायी हिस्सा बना रहेगा। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर सभी सांसदों से दलीय राजनीति से ऊपर उठकर एक–दूसरे का सम्मान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत आपसी सम्मान और संवाद में है। "जब विदाई का समय आता है, तो हम सब पार्टी की भावना से ऊपर उठकर एक समान भाव से अपने साथियों के योगदान को याद करते हैं," उन्होंने कहा। पीएम मोदी ने अपने भाषण में कई वरिष्ठ नेताओं का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और शरद पवार की सराहना करते हुए कहा कि इन नेताओं ने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा सार्वजनिक सेवा और संसदीय कार्य में समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि नए सांसदों को इन अनुभवी नेताओं से सीखना चाहिए और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह की कार्यशैली की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि हरिवंश ने सदन की कार्यवाही को शांत, संतुलित और गरिमापूर्ण ढंग से संचालित किया। उन्होंने कहा, उन्होंने पूरे देश की यात्राएं कीं और अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने संसद के अनुभवों को 'खट्टे–मीठे' बताते हुए कहा कि बहस और मतभेद लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि अलग–अलग विचारों के बावजूद, अंततः सभी का उद्देश्य देशहित में काम करना होता है। विदाई के समय यही भावना सबसे ऊपर रहती है। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी अपने अंदाज में माहौल को हल्का किया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा का जिक्र करते हुए मजाकिया लहजे में कहा कि "मुझे नहीं पता क्या हुआ, उन्होंने मुहूर्त हमारे साथ देखा, लेकिन शादी मोदीजी के साथ कर ली।" खड़गे के इस बयान पर सदन में हल्की हंसी भी देखने को मिली। उन्होंने यह भी कहा कि शरद पवार जैसे नेता दोबारा सदन में लौटेंगे और अपनी सक्रिय भूमिका जारी रखेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के अंत में लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अनुभवी नेताओं का मार्गदर्शन देश के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और नई पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।



## गाने पर पहले ही रोक लगाई जा चुकी है : अश्विनी वैष्णव

(एजेंसी) नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के सांसद आनंद भदौरिया ने हाल में खबरों में आए एक विवादास्पद गीत का मुद्दा बुधवार को लोकसभा में उठाया, जिस पर सरकार ने कहा कि इस पर पहले ही रोक लगाई जा चुकी है तथा डिजिटल माध्यमों पर इस तरह की सामग्री से महिलाओं और बच्चों के संरक्षण के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे। सपा सांसद भदौरिया ने नोरा फतेही और संजय दत्त पर फिल्माये गए एक विवादास्पद गीत का उल्लेख प्रश्नकाल में किया। उन्होंने पूरक प्रश्न में पूछा कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर विभिन्न माध्यमों से समाज में परोसी जा रही अश्लीलता को तत्काल रोकने के लिए क्या सरकार कोई कदम उठाएगी। सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने उत्तर में बताया कि सदस्य ने जिस गाने के बारे में बात की है, उस पर पहले ही प्रतिबंध लगाया जा चुका है। उन्होंने कहा, अभिव्यक्ति की आजादी में संविधान निर्माताओं ने जो तर्कसंगत पाबंदियां लगाई हैं, हमें उनके हिसाब से ही चलना चाहिए। समाज और संस्कृति के संदर्भ में अभिव्यक्ति की आजादी का ध्यान रखना चाहिए। वैष्णव ने कहा कि डिजिटल माध्यमों से चीजें बहुत तेजी से फैलती हैं और उनसे समाज और विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों एवं वंचित वर्गों के संरक्षण के लिए जो भी कड़े कदम उठाने होंगे, उन्हें उठाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।



## आईपीएल के शुरुआती मैच से बाहर होंगे हेजलवुड और पैट कमिंस! ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड से नहीं मिली मंजूरी

(एजेंसी) बेंगलुरु। डिफेंडिंग चौंपियन रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अपने आईपीएल 2026 अभियान की शुरुआत तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड के बिना करने के लिए तैयार दिख रही है और इसमें ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस का नाम भी जुड़ने की संभावना है। उम्मीद है कि कमिंस भी सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती कुछ मैचों में नहीं खेल पायेंगे। स्टार खिलाड़ी हेजलवुड अपनी फ्रेंचाइजी के लिए शुरुआती दो मैच नहीं खेल पायेंगे, क्योंकि वह चोटों से भरे घरेलू सीजन से उबरने की प्रक्रिया में हैं, इस दौरान वह पूरी एशेज सीरीज से बाहर रहे थे।हेजलवुड को पहले हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी, और फिर ठीक होने के दौरान उन्हें एच्लीस टेंडन में भी तकलीफ हो गई थी। पिछले साल आरसीबी के आईपीएल खिताब का सूखा समाप्त करने में हेजलवुड की अहम भूमिका थी, उन्होंने 17.54 की औसत से 22 विकेट लिए थे। आईपीएल में देर से आने वाले खिलाड़ियों की सूची में हेजलवुड के साथ एक और ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस का नाम भी जुड़ने की संभावना है। उम्मीद है कि कमिंस भी सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती कुछ मैचों में नहीं खेल पाएंगे, इन मैचों में 28 मार्च को सीजन की पहली रात को हेजलवुड की आरसीबी के खिलाफ होने वाला मुकाबला भी शामिल है। एसआरएच के कप्तान ने एशेज के दौरान केवल एक ही टेस्ट मैच खेला था। कि वह जुलाई में कैरिबियन में लगी पीठ की हल्की चोट से उबरने के लिए रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे थे। इसके बाद हेतलवुड और कमिंस दोनों ही टी–20 विश्व कप से बाहर हो गए थे, जहां ऑस्ट्रेलिया पहले ही दौर में टूर्नामेंट से बाहर हो गया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का चिकित्सा दल पिछले कुछ महीनों से इन दोनों प्रमुख खिलाड़ियों की सेहत पर बहुत बारीकी से नजर रखे हुए हैं। इस वजह से, इन दोनों खिलाड़ी अपनी–अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजियों के लिए ठीक–ठीक कब उपलब्ध हो पाएंगे, इसको लेकर अभी भी कुछ अनिश्चितता बनी हुई है। इस बात की पूरी संभावना है कि वे सीजन का एक बड़ा हिस्सा जरूर खेलेंगे। पिछले कुछ सीजन में हेजलवुड टी–20 क्रिकेट के बेहतरीन तेज गेंदबाजों में से एक बनकर उभरे हैं। एशेज से पहले भारत के खिलाफ सफेद गेंद मैचों में भी वह गेंदबाजी में अपने सबसे खतरनाक अंदाज में दिखे थे। वहीं, कमिंस ने हैदराबाद के लिए एक लीडर के तौर पर अहम भूमिका निभाई है, और दो साल पहले टीम को फाइनल तक पहुंचाया था, और वह टीम के गेंदबाजी आक्रमण का एक अहम हिस्सा हैं।




## राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने नितिन गडकरी से की मुलाकात, परिवहन क्षेत्र की समस्याओं पर हुई चर्चा

(एजेंसी)
नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। यह मुलाकात संसद परिसर में हुई और मुख्य विषय राजस्थान की बसों की सुरक्षा और बस बॉडी निर्माण से जुड़ा था। इसके साथ ही इस बैठक में एनएचएआई परियोजनाओं और राजस्थान में आरटीओ बस रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान प्रियंका और राहुल गांधी ने इस मुद्दे को उठाया क्योंकि हाल में स्लीपर बसों में आग लगने की घटनाओं के बाद केंद्र सरकार ने बस बॉडी निर्माण के लिए नए सुरक्षा नियम जारी किए हैं। बता दें कि संसद के शीतकालीन सत्र में भी प्रियंका गांधी ने गडकरी से मिलने की मांग की थी, जिसके तुरंत बाद यह मुलाकात हुई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी मुलाकात के वीडियो में गडकरी को यह कहते सुना जा सकता है कि कई बस निर्माता नियमों का पालन नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ बसों में एसी और अन्य उपकरण इस तरह लगाए जाते हैं कि अगर आग लग जाए तो यात्री सुरक्षित बाहर नहीं निकल पाते। गडकरी ने इसे गंभीर समस्या बताया और कहा कि लोगों की जान खतरे में डालने वाला काम स्वीकार्य नहीं है। इसके साथ ही इस मुलाकात में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने गडकरी को नियमों के पालन और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुझाव दिए। इसके बाद गडकरी ने आश्वासन दिया कि नियमों का सख्ती से पालन होगा और यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। मुलाकात के बाद कांग्रेस महासचिव व सांसद प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि मुलाकात में ट्रक और बस संबंधी चिंताओं पर चर्ता हुई। प्रियंका ने बताया कि हमने परिवहन मंत्री के सामने ड्राइविंग लाइसेंस के लिए खर्च होने वाले ज्यादा पैसा और समय लगने का का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि गडकरी जी ने कहा है कि वे उनकी समस्या को जल्दी हल करेंगे।



# सम्पादकीय

## कांशीराम आज भी प्रासंगिक

## दलित समाज पर कांग्रेस की नज़र

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बसपा संस्थापक और दिग्गज दलित नेता कांशीराम की जयंती के अवसर पर एक नया दांव खेला। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि अगले साल होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को देखते हुए राहुल गांधी ने कांशीराम के बहाने दलितों को लुभाने की कोशिश की. लखनऊ में कांशीराम की जयंती के अवसर पर आयोजित सामाजिक परिवर्तन दिवस में



नफीस जाफरी

कांशीराम को भारतरत्न देने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव पारित होते समय राहुल गांधी मंच पर मौजूद थे। राहुल ने अपने भाषण में बड़ा पासा फेंकते हुए कहा कि अगर नेहरू जी ज़िंदा होते, तो कांशीराम कांग्रेस के मुख्यमंत्री होते। इतना ही नहीं, उन्होंने यहां तक कहा कि अगर कांग्रेस ने दलितों को लेकर अपना काम ठीक से किया होता, तो कांशीराम को इतनी मेहनत करने की जरूरत ही नहीं पड़ती। कांशीराम की 2006 में हुई मृत्यु के बाद संभवतः पहला मौका है, जब राहुल गांधी कांशीराम जयंती के किसी कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे थे। इसके पीछे की वजह साफ़ समझी जा सकती है। 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में दलितों के एक बड़े वर्ग ने इंडिया गठबंधन के दोनों सहयोगियों, कांग्रेस और सपा, का खूब साथ दिया था, जिसके चलते उन्हें जबरदस्त सफलता मिली और उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से 43 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। एक बार फिर दोनों सहयोगी दलों की कोशिश इसी दलित वोट बैंक को अपने पाले में करने की है। दलित समाज से आने वाले कांशीराम ने बहुजन समाज पार्टी की स्थापना की थी। बसपा ने उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में चार बार अपनी सरकार बनाई। आज बसपा अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। लेकिन कांशीराम आज भी देश की राजनीति में प्रासंगिक बने हुए हैं। उत्तर प्रदेश में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। उससे पहले सभी राजनीतिक दलों को कांशीराम याद आ रहे हैं. सभी पार्टियों की कोशिश उनके राजनीतिक विरासत को भुना लेने की है। उत्तर प्रदेश में दलितों को अपने पाले में करने की कोशिश सभी राजनीतिक दल कर रहे हैं। इस काम में सबसे आगे कांग्रेस है. उत्तर भारत की राजनीति में सामाजिक न्याय की राजनीति करने वाली पार्टियों के उदय से पहले दलित वोट कांग्रेस के आधार का सबसे बड़ा हिस्सा था। इस हिस्से के हाथ से निकल जाने की वजह से कांग्रेस की हालत इन राज्यों में सबसे खराब है। वह बैसाखी के सहारे चल रही है। वह दलितों को फिर अपने पाल में करने के लिए जी तोड़ कोशिश कर रही है। इसलिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी जाति जनगणना, आरक्षण, संविधान बचाने और सामाजिक न्याय की बातें पिछले कुछ सालों से लगातार कर रहे हैं। कांशीराम ने 1978 में बामसेफ की स्थापना की थी। इसमें दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यकों के पढ़े–लिखे लोगों का संगठन था। उन्होंने इसका पूरे देश में विस्तार किया। इसके बाद 1984 में बहुजन समाज पार्टी का गठन किया। यह एक राजनीतिक संगठन था। कांशी राम के बहुजन में दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक शामिल थे, जिनकी देश में कुल आबादी करीब 85 फीसदी मानी जाती है। उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद से लगातार मिल रही है हार से परेशान सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने 2022 के बाद से पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) का नारा बुलंद किया। यह बहुजन का ही एक नया रूप था। उन्हें इसका फायदा 2024 के लोकसभा चुनाव में मिला। उस चुनाव में सपा कांग्रेस के गठबंधन ने यूपी की 80 में से 43 सीटें अपनी झोली में डाल ली थीं। यही हाल केंद्र और उत्तर प्रदेश में सरकार चला रही भाजपा का है। मंदिर और राष्ट्रवाद की राजनीति करने वाली यह पार्टी देखते ही देखते जाति की राजनीति में उतर गई। वह भी दलितों को अपने पाले में करने के लिए कांशीराम का भी सहारा लेती है। बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर संजय पासवान 2013 में पार्टी के एससी मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए गए थे। उन्होंने कांशीराम की फोटो मोर्चे के सभी कार्यालयों में लगाने के आदेश दे दिए थे। कांशीराम पंजाब के रहने वाले थे, लेकिन उन्होंने उत्तर प्रदेश को अपनी राजनीति की प्रयोगशाला बनाई। उन्होंने पैदल और साइकिल से घूम–घूम कर उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य में बसपा को गांव–गांव तक पहुंचाया था। उनके इस कठिन परिश्रम का ही परिणाम था कि अपनी स्थापना के आठ साल बाद ही बसपा ने उत्तर प्रदेश में अपनी पहली सरकार बना ली थी। इस मुकाम को हासिल करने के लिए भाजपा जैसी कैडर आधारित पार्टी को 11 साल लगे थे। यह कांशीराम की सोच और राजनीतिक कौशल ही था कि जिस प्रदेश में दलितों को कैबिनेट में समाज कल्याण से बड़ा कोई विभाग नहीं दिया जाता था, उसी उत्तर प्रदेश में चार बार दलित मुख्यमंत्री बना। आज बसपा भले ही अपने बुरे दौर से गुजर रही है। लेकिन कांशीराम के सिखाए कम से कम 50 बड़े नेता आज उत्तर प्रदेश की राजनीति को प्रभावित कर रहे हैं। इनमें यूपी के उपमुख्यमंभी बृजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर, दारा सिंह चौहान, सपा सांसद रामअचल वर्मा–लालजी वर्मा, सपा नेता नसीमउद्दीन सिद्दीकी के नाम प्रमुखता से लिए जा सकते हैं। उत्तर प्रदेश में दलितों की आबादी करीब 21 फीसदी है। यह ओबीसी के बाद सबसे बड़ा वोट बैंक है। यूपी में विधानसभा की कुल 403 सीटें हैं। इनमें से 84 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। साल 2022 के चुनाव में भाजपा ने इनमें से 58 सीटें जीतीं थीं। वहीं सपा के खाते में 16 सीटें आई थीं। कांग्रेस कोई भी सीट नहीं जीत पाई थी। इस तरह राज्य में लोकसभा की 80 में से 17 सीटें आरक्षित हैं। साल 2024 के चुनाव में भाजपा ने आठ, सपा ने सात और कांग्रेस ने एक सीट पर जीत दर्ज की थी। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में गैर सरकारी संगठन लोकनीति–सीएसडीएस से जाति के आधार पर वोटिंग पैटर्न का अध्ययन किया था। इस अध्ययन में दलित वोटों को जाटव और गैर जाटव वोट बैंक में बांटा गया था। अध्ययन के मुताबिक 24 फीसदी जाटवों ने भाजपा, 25 फीसदी ने विपक्षी इंडिया गठबंधन, 44 फीसदी ने बसपा और सात फीसदी ने अन्य को वोट किया था। वहीं गैर जाटव वोट बैंक में 29 फीसदी ने भाजपा, 56 फीसदी ने इंडिया गठबंधन, 15 फीसदी ने बसपा और एक फीसदी ने अन्य को वोट किया था। कांशीराम ने एक नारा दिया था, जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। अब उत्तर प्रदेश में दलितों की संख्या को देखते हुए सभी राजनीतिक दल उन्हें अपने पाले में करने में लगे हुए हैं। बसपा की खराब हालत को देखकर दलित भी संशय में हैं। ऐसे में राजनीतिक दलों के लिए कांशीराम एक उम्मीद की किरण के रूप में नजर आते हैं। राजनीतिक दलों को लगता है कि उनकी जयंती मनाकर वो दलितों को अपने पाले में कर लेंगे। वो कितना सफल हो पाते हैं इसके लिए हमें चुनाव तक इंतजार करना होगा।

# ईरान के मुद्दे पर अमेरिका से और भी दूर हुआ नाटो



गुलफिशा खान

अमेरिकी अधिकारियों ने कंफर्म किया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके चीनी समकक्ष शी जिनपिंग के बीच शिखर सम्मेलन वाशिंगटन के ईरान विरोधी अभियान के कारण स्थगित होने की संभावना है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने फॉक्स न्यूज को बताया, बैठक स्थगित होने की पूरी संभावना है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि बैठक खतरे में है, लेकिन यह सिर्फ समय का मामला है। मालूम हो कि ट्रंप ने बीते रविवार को फाइनेंशियल टाइम्स को संकेत दिया कि रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए बीजिंग पर दबाव बनाने के उनके प्रयास के तहत बैठक स्थगित हो सकती है। ईरान ने तेल टैंकरों के लिए इस जलडमरूमध्य को लगभग पूरी तरह से अवरुद्ध कर रखा है। चीन के ईरान के साथ घनिष्ठ संबंध हैं और वह ईरानी तेल का प्रमुख ग्राहक है। चीन ट्रंप की यात्रा को लेकर बहुत सतर्कता बरत रहा था और काफी उत्सुक भी दिख रहा था। चीन सरकार का मुखपत्र माना जाने वाला ग्लोबल टाइम्स तो यहां तक हेडिंग के साथ लेख लिख रहा था कि ट्रंप की चीन यात्रा पर दुनिया की नजर लगी हुई है। ऐसे में जाहिर है चीन को इस यात्रा से अमेरिका के साथ संबंध सुधरने की उम्मीद थी। ट्रंप ने कहा, हम शिखर सम्मेलन से पहले जानना चाहेंगे, और साथ ही यह भी जोड़ा, हो सकता है हम इसे स्थगित कर दें। इससे पहले वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भी कहा कि 31 मार्च से 2 अप्रैल तक होने वाला शिखर सम्मेलन स्थगित किया जा सकता है। हालांकि, उन्होंने इस धारणा को खारिज करने की कोशिश की कि ट्रंप होर्मुज मुद्दे पर दबाव बनाने के लिए शिखर सम्मेलन को स्थगित करने की धमकी दे रहे हैं। वहीं अब बात अमेरिका और नाटो की तो मालूम हो कि अमेरिका खुद तो सुपरपावर है ही, लेकिन उसकी ताकत कई गुना तब बढ़ जाती थी, जब उसमें नाटो के 32 देशों की ताकत जुड़ जाती थी। अब तक अमेरिका कहीं भी युद्ध शुरू करता



था तो नाटो भी उसमें शामिल हो जाता था। जाहिर है अमेरिका की लड़ाई में इन देशों को भी अपने सैनिक और संसाधन झोंकने पड़ते थे। इन सब के बदले इन नाटो देशो को अभेद्य सुरक्षा मिलती थी और साथ ही सुपर क्लब की ताकत का आनंद भी लेते थे। मगर वक्त बदला, जज्बात बदले तो हालात भी बदल गए। डोनाल्ड ट्रंप के पहली बार ही अमेरिका के राष्ट्रपति बनते ही उनका नाटो देशों से झगड़ा शुरू हो गया। ट्रंप को लगता था कि नाटो में शामिल बाकी देश ज्यादा पैसा खर्च नहीं करते और अमेरिका के भरोसे बैठे रहते हैं। हालांकि, झगड़ा बढ़ता इससे पहले ही ट्रंप चले गए और बाइडेन आ गए। बाइडेन ने नाटो सहयोगियों से संबंध ठीक किए और फिर सब कुछ पहले जैसा हो गया। मगर ट्रंप फिर जीतकर आ गए। उन्होंने इस बार और रुख कड़ा कर लिया। ट्रंप तो ट्रंप उनके उप–राष्ट्रपति, रक्षा मंत्री और यहां तक कि विदेश मंत्री भी नाटो देशों से जब मिलते सुना देते। यूक्रेन का साथ अमेरिका के ही कहने पर सभी नाटो देश कर रहे थे, मगर अचानक ट्रंप पीछे हट गए। यही नहीं टैरिफ लगाने में भी किसी नाटो सहयोगी पर रहम नहीं की। रही–सही कसर ट्रंप ने ये कहकर पूरी कर दी कि नाटो सहयोगियों ने अफगानिस्तान–इराक पर हुए हमले में भी अमेरिका की मदद नहीं की थी। फिर इस साल वेनेजुएला पर जब अटैक किया गया तो किसी नाटो सहयोगी से चर्चा नहीं की गई। ईरान पर हमले के समय भी ऐसा ही हुआ। नाटो सहयोगी इन सब कारणों से अमेरिका पर अविश्वास करने लगे हैं। यही कारण है कि वो अब अमेरिका के भरोसे अपनी सुरक्षा नहीं छोड़ रहे। यूरोप अपनी खुद की तैयारी कर रहा है। फ्रांस और जर्मनी इसका नेतृत्व करने को तैयार दिख रहे हैं। ब्रिटेन और कनाडा भी अमेरिका से पहली बार अलग होकर फ्रांस और जर्मनी के साथ दिख रहे हैं। यही नहीं ये देश अब अमेरिका से अलग हटकर विदेश नीति रख रहे हैं। भारत के साथ–साथ चीन से भी नजदीकी बढ़ा रहे हैं। हर देश अब अलग–अलग समझौते कर रहा है। इस बीच बीते दिनों जर्मनी की ओर से आया एक बयान अमेरिका के लिए लक्ष्मण–रेखा खींचने जैसा है। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों से शुरू हुए मध्य पूर्व युद्ध का नाटो से कोई संबंध नहीं है और यह नाटो का युद्ध नहीं है। स्टीफन कोर्नेलिअस ने एक नियमित प्रेस ब्रीफिंग में कहा, नाटो क्षेत्र की रक्षा के लिए बना एक गठबंधन है और मौजूदा स्थिति में नाटो को तैनात करने का कोई अधिकार नहीं है। जर्मनी ने इस बयान के जरिए ये क्लियर कर दिया है कि अगर अमेरिका सहित नाटो के किसी देश पर कोई देश पहले हमला करता है तो सभी नाटो देश उससे मिलकर युद्ध करेंगे, लेकिन अगर नाटो में शामिल कोई देश अपने मकसद के लिए दूसरे देश पर हमला करता है तो नाटो देश उसके लिए युद्ध नहीं लड़ने जाएंगे। जाहिर है इससे सबसे ज्यादा तो अमेरिका की ही ताकत घट जाएगी। अमेरिका खुद को पूरी दुनिया का बॉस समझता है और दो देशों की लड़ाई में खुद कूदकर पूरे नाटो को अब तक शामिल करा देता है। जर्मनी के ताजा बयान से ये पता चलता है कि नाटो के देश अब अमेरिका के शुरू किए युद्धों का हिस्सा बनने को तैयार नहीं हैं।

# राज्यसभा चुनाव-तेजस्वी को खुद उनके "अपनों" ने दिया धोखा



शबाब हुसैन

राज्यसभा चुनाव में बिहार से एनडीए के सभी 5 उम्मीदवारों को जीत मिल गई है। महागठबंधन को विधानसभा चुनाव के बाद अब राज्यसभा चुनाव में भी हार झेलनी पड़ी है। मालूम हो कि बिहार से राज्यसभा के खाली हुए 5 सीटों के लिए एनडीए बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) प्रमुख नीतीश कुमार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ–साथ केंद्रीय मंत्री राम नाथ ठाकुर, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा (दोनों राज्यसभा के मौजूदा सदस्य) और भाजपा के शिवेश कुमार को उतारा था। इन सभी को जीत मिल गई है। राज्यसभा चुनाव की वोटिंग में जीत के लिए तेजस्वी यादव ने खूब जोर लगाया। विधायक टूट नहीं सके, क्रॉस वोटिंग न हो इसलिए पार्टी विधायकों को पटना के एक होटल में रखा, जिस एआईएमआईएम को विधानसभा चुनाव के समय साथ लेने से कतराते रहे उससे हाथ भी मिलाया। लेकिन फिर भी महागठबंधन को हार का सामना करना पड़ा। लेकिन इसके भी महागठबंधन के उम्मीदवार को जीत नहीं मिली। कहा जाए तो गलत नहीं होगा कि एनडीए ने बिहार में हुई राज्यसभा की सभी 5 सीटों पर जीत दर्ज कर ली है। विधानसभा चुनाव के बाद अब राज्यसभा में मिली यह हार तेजस्वी के लिए बड़ा झटका है। लेकिन इस हार के बाद तेजस्वी को एक और कड़वा घूंट पीना होगा। क्योंकि राजद के जिस विधायक के कारण तेजस्वी को राज्यसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा उसपर वो कार्रवाई नहीं कर सकेंगे। क्योंकि यदि तेजस्वी राज्यसभा चुनाव की वोटिंग से गायब रहे राजद विधायक फैसल रहमान पर कोई कार्रवाई करते हैं तो उनकी खुद की नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी पर खतरा आ जाएगा। दरअसल राज्यसभा चुनाव में वोटिंग के दौरान राजद के विधायक फैसल रहमान ने पार्टी को गच्चा दे दिया। वे वोटिंग से एब्सेंट हो गए. उनके अलावा कांग्रेस के 3 अन्य विधायक भी वोटिंग के लिए नहीं पहुंचे। इससे एनडीए के लिए पांचों सीट पर जीत का रास्ता साफ हो गया। पार्टी नेताओं का दावा है कि उन पर दबाव बनाया गया। इसलिए वे वोट डालने नहीं आए। वोटिंग से गायब रहने पर राजद विधायक फैसल रहमान ने कहा, उनकी मां की तबीयत खराब थी, जिसके इलाज के लिए वो दिल्ली में थे। मां से बढ़कर कुछ नहीं। 243 सीटों वाली बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का दर्जा हासिल करने के लिए किसी भी पार्टी को 10 प्रतिशत यानी 25 विधायकों की आवश्यकता है। राजद के पास अभी ठीक – ठीक 25 विधायक ही हैं। अगर राजद किसी विधायक को निष्कासित करता है तो उसकी आधिकारिक संख्या 24 हो जाएगी। इस स्थिति में पार्टी को नेता प्रतिपक्ष का पद मिलना न मिलना, सरकार पर निर्भर करेगा। 2010 में जब राजद सिर्फ 22 सीटें जीता था तब अब्दुल बारी सिद्दीकी को नेता प्रतिपक्ष का दर्जा दिया गया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की इसमें सहमति थी, अगर वे नहीं चाहते तो पार्टी को यह दर्जा नहीं मिलता। मौजूदा परिस्थितियों में सत्ता पक्ष राजद को यह दर्जा देगा, इस पर संदेह है। ऐसे में तेजस्वी यादव से कैबिनेट मंत्री के दर्जा, उनका बंगला भी छीन सकता है। परिणाम के वोटिंग से गायब रहे राजद विधायक फैसल रहमान पर कार्रवाई को लेकर पूछे गए सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि हम उस पर



क्या कार्रवाई करेंगे, इस पर अपना निर्णय देंगे। वहीं राजद प्रवक्ता शक्ति यादव से जब हमने यह सवाल पूछा तो उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। शक्ति यादव ने कहा कि हम देखेंगे, पार्टी के संविधान के अनुसार कार्रवाई करेंगे। पार्टी उनके निष्कासन के लिए स्पीकर को लिखेगी या नहीं, इस पर उन्होंने कुछ भी साफ नहीं किया। वरिष्ठ पत्रकार रवि उपाध्याय कहते हैं कि राजद के लिए आगे कुआं, पीछे खाई वाली स्थिति है। अगर नीतीश कुमार मुख्यमंत्री के पद पर कंटिन्यू करते तो राजद अपने विधायक को निष्कासित करने की सोच सकता था लेकिन भाजपा के मुख्यमंत्री बनने की स्थिति में राजद ऐसा करने से बचेगा। नीतीश कुमार राजनीतिक अदावत के बावजूद लालू परिवार के लिए सहानुभूति रखते थे। भाजपा नेताओं के साथ ऐसा नहीं है। अब अगर वे कार्रवाई करते हैं तो उनकी कुर्सी पर खतरा है और नहीं करते हैं तो उन पर कमजोर नेता का ठप्पा लगेगा। वहीं कांग्रेस की अगर बात करें तो राज्यसभा चुनाव की वोटिंग के दौरान 3 कांग्रेस विधायकों के गायब होने पर कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा, हमारे विधायकों को भाजपा ने चोरी कर लिया है। भाजपा की सरकार है, 3 विधायक 13 तारीख से लगातार संपर्क में थे। 13 तारीख की रात तक सभी विधायक से कंफर्टेबल बात हो रही थी। आखिर ऐसी कौन सी बात आ गई कि 13 तारीख के बाद से हमारे तीन विधायक अनरीच हो गए। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि भाजपा जहां पर रहती है, वोट चोरी करके सरकार बनती है। हमारे जीते हुए प्रतिनिधियों को भाजपा चुराता है। 1 विधायक हमारे पास आए थे, उन्होंने कहा कि हमारे विधायकों को हाउस अरेस्ट कर दिया गया है। घरों के बाहर पुलिस लगा दी गई है। 13 तारीख के बाद हमारे विधायक कब चोरी हो गए कहना मुश्किल है। सीनियर नेताओं से राय लेकर हम उन पर कार्रवाई करेंगे। ये माफ करने वाली बात नहीं है। वहीं दूसरी ओर बिहार के राज्यसभा चुनाव में एआईएमआईएम के विधायकों द्वारा तेजस्वी यादव के उम्मीदवार का समर्थन करने के फैसले ने राज्य की राजनीति में नई चर्चा शुरू कर दी है। सवाल उठ रहा है कि आखिर ओवैसी की पार्टी ने महागठबंधन का साथ क्यों दिया और क्या इसके पीछे कोई राजनीतिक समझौता हुआ है। बिहार विधानसभा में एआईएमआईएम के 5 विधायक हैं और राज्यसभा चुनाव में उनकी भूमिका काफी अहम हो गई थी। ऐसे में उनके समर्थन से महागठबंधन के लिए एक सीट निकालने की संभावना मजबूत हुई थी। चुनाव से पहले राजद नेता तेजस्वी यादव और एआईएमआईएम के नेताओं के बीच बातचीत हुई थी। बताया जाता है कि दोनों पक्षों के बीच कई दौर की चर्चा के बाद माहौल सकारात्मक हुआ और अंततः एआईएमआईएम ने राजद उम्मीदवार को समर्थन देने का फैसला किया। पार्टी के बिहार अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने घोषणा की कि एआईएमआईएम के सभी विधायक राज्यसभा चुनाव में महागठबंधन के उम्मीदवार को वोट देंगे। इस फैसले के बाद बिहार की राजनीति में यह सवाल उठने लगा कि क्या यह सिर्फ रणनीतिक समर्थन है या इसके पीछे कोई राजनीतिक डील भी हुई है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि यह समर्थन केवल विचारधारा के आधार पर नहीं बल्कि राजनीतिक समझदारी के तहत दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक एआईएमआईएम ने समर्थन के बदले भविष्य में राजनीतिक हिस्सेदारी की मांग की है। खासकर यह चर्चा है कि आने वाले विधान परिषद चुनाव में एआईएमआईएम को एक सीट देने पर सहमति बन सकती है। चूंकि एआईएमआईएम के पास अपने दम पर विधान परिषद की सीट जीतने के लिए पर्याप्त संख्या नहीं है, इसलिए उसे बड़े दल के समर्थन की जरूरत पड़ती है। ऐसे में महागठबंधन के साथ समझौता उसके लिए राजनीतिक रूप से फायदेमंद माना जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम का असर बिहार की क्षेत्रीय राजनीति, खासकर सीमांचल इलाके पर भी पड़ सकता है। सीमांचल में एआईएमआईएम का प्रभाव माना जाता है और वहां मुस्लिम वोटरों पर उसका असर देखा जाता रहा है। अगर एआईएमआईएम और राजद के बीच यह राजनीतिक तालमेल आगे भी बना रहता है तो सीमांचल की राजनीति में नया समीकरण बन सकता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह सिर्फ राज्यसभा चुनाव तक सीमित मामला नहीं है। इसके पीछे आने वाले चुनावों की भी रणनीति हो सकती है। विपक्षी दलों की कोशिश यह भी हो सकती है कि भाजपा और एनडीए के खिलाफ व्यापक राजनीतिक एकजुटता बनाई जाए। ऐसे में छोटे दलों को साथ लेकर चलना महागठबंधन की रणनीति का हिस्सा हो सकता है। कुल मिलाकर एआईएमआईएम का तेजस्वी यादव के साथ आना बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। इससे महागठबंधन को राज्यसभा चुनाव में मजबूती मिली है, वहीं एआईएमआईएम को भी भविष्य की राजनीति में अपनी भूमिका मजबूत करने का मौका मिल सकता है। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि यह राजनीतिक तालमेल सिर्फ इस चुनाव तक सीमित रहता है या आगे भी दोनों दलों के बीच सहयोग जारी रहता है।

# जंग के बीच भारत की सफल कूटनीति से एलपीजी लेकर सुरक्षित भारत पहुंचे जहाज

सौरभ वार्ष्णेय

इसे भारत की सफल कूटनीति की जीत तो कहा ही जायेगा इसके साथ–साथ भारत ने अपनी अदम्य सहास का परिचय भी दे दिया है। यानी देशवासी अब चिंता न करें । एलपीजी की समस्या जल्द सामान्य हो जायेगी। क्योंकि जैसे युद्व के बीच दो जहाज का भारत एलपीजी लेकर आना भारत की सफलता मानी जायेगी। भारत शुरु से ही शांतिप्रिय देश है और हमेश से शांति में ही रहने से अपील करता आया है। ऐसे में मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बाद एलपीजी गैस की सप्लाई प्रभावित हुई इसमें कहने से गुरेज नहीं करना चाहिए क्योंकि एलपीजी का अधिक समय तक स्टोरेज नहीं कर सकते? ऐसे समय में जब भारत देश में गैस एजेंसी के बाहर लम्बी लम्बी लाइनें लग रही है जो कि अब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से भारत में एलपीजी की आपूर्ति होना शुरू होने के बाद इस समस्या के अंत के अच्छे संकेत हैं। यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं अपितु यह हमारे भारत देश की सफल राजनीति, कूटनीतिज्ञ, दूरदर्शिता की महाजीत है। मध्य–पूर्व में बढ़ते तनाव और ईरान से जुड़े युद्ध जैसे हालात के बीच भारत ने जिस तरह अपनी ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखते हुए एलपीजी की आपूर्ति सुनिश्चित की है, वह उसकी परिपक्व और संतुलित कूटनीति का स्पष्ट उदाहरण है। वैश्विक संकट के दौर में ऊर्जा सुरक्षा किसी भी देश की आर्थिक स्थिरता की रीढ़ होती है, और भारत ने इस चुनौती को अवसर में बदलने का काम किया है। भारत लंबे समय से ऊर्जा आयात पर निर्भर रहा है, विशेषकर पश्चिम एशिया के देशों पर। ऐसे में जब ईरान के आसपास भू–राजनीतिक तनाव बढ़ा और सप्लाई चेन बाधित होने की आशंका बनी, तब भारत के सामने दोहरी चुनौती थीकृएक ओर ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना और दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय दबावों के बीच संतुलन बनाए रखना। भारत की कूटनीतिक रणनीति यहां बहु–आयामी रही। एक तरफ उसने अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ अपने संबंधों को संतुलित रखा, वहीं दूसरी ओर ईरान जैसे महत्वपूर्ण ऊर्जा साझेदार के साथ संवाद के दरवाजे खुले रखे। परिणामस्वरूप, भारत न केवल वैकल्पिक स्रोतों से रुक्कत्र की आपूर्ति सुनिश्चित करने में सफल रहा, बल्कि आवश्यक मात्रा में ईंधन की उपलब्धता भी बनाए रखी। इस पूरी प्रक्रिया में भारत ने रणनीतिक स्वायत्तता की नीति को मजबूती से अपनाया। भारत ने किसी एक धड़े में पूरी तरह झुकने के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दी। यही कारण है कि संकट के बावजूद घरेलू बाजार में कच्चे तेल की उपलब्धता पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा और कीमतों में भी अपेक्षाकृत स्थिरता बनी रही। इसके अलावा, भारत ने सऊदी अरब, यूएई और अन्य ऊर्जा उत्पादक देशों के साथ अपने रिश्तों को और मजबूत किया, जिससे सप्लाई के वैकल्पिक रास्ते खुले। यह कदम दर्शाता है कि भारत केवल प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि दूरदर्शी कूटनीति पर काम कर रहा है। हालांकि, यह भी सच है कि ऐसे संकट भारत के लिए चेतावनी भी हैं। ऊर्जा के लिए बाहरी निर्भरता को कम करने, नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने और घरेलू उत्पादन को मजबूत करने की जरूरत पहले से अधिक महसूस की जा रही है। ईरान युद्ध के बीच कच्चे तेल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करना केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की संतुलित, व्यावहारिक और प्रभावी कूटनीति की बड़ी जीत है। यह संदेश भी देता है कि बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच भारत अपने हितों की रक्षा करना अच्छी तरह जानता है।

लेखक वरिष्ठ पत्रकार है, समाचार पत्र व पत्रिकाओं में समसमायिक विषयों पर चिंतक, राजनीतिक विचारक है।

# तीन बच्चों के पिता संग भागी नवविवाहिता पहुंची थाने

## – हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद मां के साथ लौटी

न्यूज वाणी ब्यूरो




सीतापुर, पिसावां। जिले से रिश्तों की मर्यादा को तार–तार करने वाला एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। पिसावां थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन बच्चों का पिता अपनी ही पड़ोस की एक नवविवाहिता को लेकर फरार हो गया। हालांकि, इस प्रेम प्रसंग का अंत फिल्मी अंदाज में थाने के भीतर हाईवोल्टेज ड्रामे के साथ हुआ। जानकारी के मुताबिक गांव का रहने वाला एक युवक, जो पहले से शादीशुदा है और तीन बच्चों का पिता है, दो दिन पहले गांव की ही एक नवविवाहिता को बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया था। महिला की शादी महज दो साल पहले हुई थी और उसका पति दिल्ली में मजदूरी करता है। इस घटना के बाद से ही गांव में तनाव और चर्चाओं का बाजार गर्म था। थाने में आमने–सामने हुए दो परिवार पुलिस अभी दोनों की तलाश कर ही रही थी कि बुधवार को युवक खुद ही नवविवाहिता को लेकर थाने पहुंच गया। खबर मिलते ही हड़कंप मच गया। एक तरफ युवक की पत्नी अपने तीन बच्चों के साथ न्याय मांगने पहुंची। दूसरी तरफ नवविवाहिता का पति दिल्ली से भागकर थाने पहुंचा। मौके पर नवविवाहिता की मां और गांव के संभ्रांत लोग भी जमा हो गए। थाने के भीतर काफी देर तक गहमागहमी और बहस चलती रही। युवक की पत्नी अपने बच्चों का वास्ता देती रही, तो वहीं नवविवाहिता का पति उसे साथ ले जाने की जिद पर अड़ा रहा। समझा–बुझाकर मां के साथ भेजा पुलिस और गांव के बुजुर्गों ने काफी देर तक नवविवाहिता की काउंसलिंग की। लंबी जद्दोजहद के बाद महिला अपने पति या प्रेमी के साथ जाने के बजाय अपनी मां के साथ घर जाने को राजी हुई। पुलिस ने कागजी कार्रवाई पूरी कर उसे उसकी मां के सुपुर्द कर दिया। निरीक्षक सुनीत कुमार के अनुसार महिला ने घरेलू विवाद के कारण घर छोड़ने की बात कही थी। उसे उसकी मां के साथ भेज दिया गया है। वहीं, शांति भंग की आशंका को देखते हुए युवक के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई की गई है। सामाजिक मर्यादाओं पर उठे सवाल इस घटना ने एक बार फिर ग्रामीण अंचलों में सामाजिक ताने–बाने और रिश्तों की गंभीरता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चर्चा है कि महज दो साल के वैवाहिक जीवन और तीन बच्चों की जिम्मेदारी को दरकिनार कर इस तरह का कदम उठाना दोनों परिवारों के लिए मुसीबत का सबब बन गया।

# डीएम ने परिषदीय विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

## – शिक्षा की गुणवत्ता पर राजागणपति आर. की पैनी नजर

न्यूज वाणी ब्यूरो

एलिया, सीतापुर। जनपद की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने और सरकारी योजनाओं का लाभ धरातल पर परखने के लिए जिलाधिकारी राजागणपति आर. बुधवार को पूरी तरह सक्रिय नजर आए। उन्होंने ऐलिया विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अड़बेनिया ग्रन्ट शंकरपुर का औचक निरीक्षण कर स्कूल प्रशासन में हड़कंप मचा दिया।



रजिस्टर खंगाले, बच्चों से की बात निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सबसे पहले शिक्षक और छात्र उपस्थिति रजिस्टर का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने केवल कागजी आंकड़ों पर भरोसा न करते हुए, मौके पर मौजूद बच्चों की संख्या का मिलान किया। पठन–पाठन का स्तर जांचने के लिए उन्होंने साप्ताहिक आकलन रजिस्टर की भी गहनता से जांच की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शिक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित एसओपी के तहत बच्चों को बेहतर माहौल में शिक्षा दी जाए। भोजन की गुणवत्ता और वितरण प्रणाली पूरी तरह मानकों के अनुरूप होनी चाहिए। शिक्षक अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें। औचक निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह भी जिलाधिकारी के साथ मौजूद रहे।

# मिश्रिख में लायर्स एसोसिएशन चुनाव कार्यक्रम घोषित

न्यूज वाणी ब्यूरो

मिश्रिख, सीतापुर। तहसील मिश्रिख स्थित लायर्स एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा कर दी गई है। इस संबंधा में जानकारी देते हुए सर्वसम्मति से नियुक्त चुनाव अधिकारी सौरभ सक्सेना एडवोकेट ने बताया कि एसोसिएशन की 23 सदस्यीय कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव कराया जाएगा, जिसमें अध्यक्ष, महासचिव सहित विभिन्न पदों पर निर्वाचन होगा। घोषित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्रों का वितरण 19 मार्च से प्रारंभ किया जाएगा। इच्छुक प्रत्याशी 23 मार्च को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। इसके बाद 24 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच के साथ ही पर्चा वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। चुनाव अधिकारी ने बताया कि मतदान 25 मार्च को संपन्न होगा और उसी दिन मतगणना कर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही अधिवक्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है और संभावित प्रत्याशियों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं।

# प्रदेश महासचिव का भव्य स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। मंगलवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव प्रबीण कुमार सिंह का बौद्ध कथा में पहुंचने पर गांव हाजीपुर सुमरावां सकरनं



में गांव के लोगों द्वारा जोरदार स्वागत फूल मालाओं से किया और गांव के बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद प्राप्त किया और गांव के बड़े बुजुर्गो ने कहा हम सभी लोग आपके साथ हैं। कार्यक्रम स्थल पर प्रदीप कुमार यादव मोहारी संतोष रस्तोगी नसीम गाजी बब्लू यादव मोहारी शिवकुमार सैदापुर मनोज कुमार काजीपुर अजय कुमार हाजीपुर उमेश राव अम्बेडकर हाजीपुर सन्दीप कुमार हाजीपुर नितेश कुमार हाजीपुर सर्वेश कुमार भारतीय राकेश कुमार उमेश टेलर रामू जाटव डा अजय चौधरी रामू चौधरी कामता प्रसाद भारतीय मौजूद रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के साथ की बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम–2026 के सफल संचालन हेतु आज कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जनपद के विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने पुनरीक्षण कार्यक्रम की वर्तमान प्रगति और आगामी समय–सारणी के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यक्रम की तिथियों में संशोधन किया गया है। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधिरू 06 जनवरी



2026 से 06 मार्च 2026 तक, दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 06 मार्च 2026 से 27 मार्च 2026 तक। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 को मुख्य आंकड़े और प्रगतिः समीक्षा के दौरान प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, पुनरीक्षण अवधि के दौरान कुल 1,85,727 फॉर्म–6 (नाम बढ़ाने हेतु) प्राप्त हुए हैं। इनमें से 1,85,725 फॉर्म ऑनलाइन माध्यम से भरे गए हैं, जो डिजिटल जागरूकता का प्रतीक है। इसके अतिरिक्त, फॉर्म–7 (नाम विलोपन) के 5,173 और फॉर्म–8 ( संशोधन) के 32,522 आवेदन प्राप्त हुए हैं। नोटिस एवं हियरिंग रिपोर्ट के अनुसार, अब तक कुल 3,57,518 नोटिस जनरेट किए जा चुके हैं, और लंबित प्रकरणों की संख्या शून्य है। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति करें ताकि पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने अवगत कराया कि वर्तमान में 128 बढ़े हुए मतदेय स्थलों पर अभी बीएलए की नियुक्ति शेष है। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी विशु राजा, राजनैतिक दलों की ओर से यादवेंद्र सिंह बसपा, सोनू भारती बसपा, शैलेंद्र सिंह भाजपा, डॉ. विजय आर्य सपा एवं नवल सिंह एडवोकेट सीपीआई–एम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# अटरिया में भगवा बैनर के पीछे छिपी असली पहचान

## - सालों से हो रहा आस्था से खिलवाड़!

न्यूज वाणी ब्यूरो

अटरिया, सीतापुर। सिधौली कोतवाली क्षेत्र से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने स्थानीय लोगों के बीच चर्चा और चिंता का माहौल पैदा कर दिया है। अटरिया कस्बे में सीतापुर–लखनऊ मार्ग पर नाले के किनारे झांसी के मशहूर बताशे बेचने वाले एक दुकानदार पर अपनी धार्मिक पहचान छिपाकर और भगवा बैनर का सहारा लेकर लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ करने का गंभीर प्रकरण चर्चा का विषय बना है। इतना ही नहीं बीते दिनों (होली हिन्दू महा पर्व) पर इन व्यक्तियों के द्वारा जानबूझकर अपने माल की कीमत बढ़ा दी जहां रोज 10 रु के 6 बतासे बेचे जाते हैं किंतु होली पर्व के दिन जानबूझकर व्यक्ति के द्वारा 10 के पांच बतासे बेचे गए कारण पूछे जाने पर दुकानदार ने यह कहकर मामले को टाल दिया के बड़े–बड़े शहरों में छोटी–छोटी बातें होती रहती हैं एक जागरूक युवक द्वारा कीमत और हिंदू पर्व पर भेदभाव पर नाराजगी भी जताई थी किंतु फिर भी नजरिया में कोई भी बदलाव नजर नहीं आया भगवा बैनर और झांसी का नामरू गुमराह करने की रणनीति? जानकारी के अनुसार, संबंधित दुकानदार एक विशेष समुदाय से ताल्लुक रखता है, लेकिन उसने अपनी दुकान को पूरी तरह से हिंदू परिवेश के प्रतीकों से सजा रखा है। दुकान पर बड़े–बड़े भगवा बैनर लगे हैं, जिसे देखकर आम राहगीर और स्थानीय लोग उसे हिंदू दुकानदार समझकर बेझिझक खान–पान का आनंद लेते हैं। दुकानदार न तो बैनर पर अपना असली नाम लिखता है। न ही वह अपनी धार्मिक पहचान से जुड़ा कोई संकेत (जैसे टोपी आदि) धारण करता है। वह खुद को झांसी का निवासी बताता है, लेकिन अपनी पहचान सार्वजनिक करने से बचता है। फ्रेंचाइजी मॉडल से फैलाया कारोबार यह खेल केवल एक दुकान तक सीमित नहीं है। सूत्रों का कहना है कि आरोपी ने कस्बे के अलग–अलग हिस्सों में अपनी कई फ्रेंचाइजी भी खुलवा रखी हैं। इन सभी जगहों पर एक ही पैटर्न का पालन किया जा रहा है भगवा रंग का उपयोग और नाम की गोपनीयता। लोग अनजाने में केवल भगवा रंग को देखकर भरोसे के साथ वहां जाते हैं, जबकि सच्चाई कुछ और ही निकल रही है। सालों से यह काम धड़ल्ले से चल रहा है। लोग आते हैं, पैसे देते हैं और खाकर चले जाते हैं, लेकिन उन्हें यह नहीं पता कि जिस पहचान पर वे भरोसा कर रहे हैं, वह महज एक दिखावा है।



एक स्थानीय निवासी प्रशासन और संगठनों की चुप्पी पर सवाल यह मामला केवल व्यापार का नहीं, बल्कि विश्वास के साथ धोखे का प्रतीत होता है। सवाल यह उठ रहे हैं कि अगर व्यापार साफ–सुथरा है, तो दुकानदार को अपनी असली पहचान बताने में परहेज क्यों है? व्यापार के लिए केवल भगवा रंग का ही चुनाव क्यों किया गया? इतने वर्षों से चल रहे इस पहचान छुपाओ खेल पर स्थानीय पुलिस और धार्मिक संगठनों की नजर क्यों नहीं पड़ी? जनता में पनप रहा आक्रोश अटरिया कस्बे में यह मामला अब चर्चा का विषय बन चुका है। लोगों का कहना है कि किसी भी समुदाय को व्यापार करने का हक है, लेकिन पहचान छिपाकर और दूसरे धर्म के प्रतीकों का गलत इस्तेमाल कर ग्राहकों को गुमराह करना अनैतिक है। स्थानीय लोग अब इस मामले में प्रशासन से सख्त जांच और पारदर्शी व्यापारिक नियमों की मांग कर रहे हैं।

# सामूहिक रोजा इफ्तार में दिखी एकता, सैकड़ों लोग हुए शामिल

न्यूज वाणी ब्यूरो

अफजलगढ़, बिजनौर। पवित्र रमजान माह के अवसर पर नगर के मोहल्ला मंझोली में हाजी छिद्दू भंडारी शाह परिवार की ओर से भव्य सामूहिक रोजा इतार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों लोग शामिल हुए, जिससे आयोजन स्थल पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही। पूरे आयोजन के दौरान एकता, भाईचारे और आपसी सौहार्द की मिसाल देखने को मिली। इतार से पूर्व सभी रोजेदारों ने देश में अमन–चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए सामूहिक दुआ की। इसके बाद तय समय पर खजूर और पारंपरिक व्यंजनों के साथ रोजा खोला गया। आयोजन स्थल पर बेहतरीन व्यवस्था की गई थी, जिससे



सभी मेहमानों को सुविधा मिली। मेजबान हाजी छिद्दू भंडारी शाह परिवार के बुंदू शाह, शरीफ शाह, शाहउल्लाह शाह, शकील शाह, फुरकान शाह, शहजाद शाह व इमरान शाह भंडारी ने सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना इंसानियत, आपसी सहयोग और भाईचारे का संदेश देता है, और ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। इतार पार्टी में पूर्व विधायक शेख सुलेमान, आसपा नेता मौलाना अतीकुर्रहमान, चेयरपर्सन पति जावेद विकार, सदस्य कलवा कुरैशी, समीम अंसारी (भट्टे वाले), पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी, पूर्व चेयरपर्सन पति शेख इरशाद हुसैन, कमरूद्दीन अल्वी, भाजपा नेता मास्टर समीम अंसारी, इमरान अल्वी, हाजी जावेद अल्वी, हाजी बब्बू अल्वी, बन्ने अल्वी, मौलाना गुलाम नबी, हाफिज अनवर, कारी गुलाम नबी, खुर्शीद अल्वी, राशिद ठेकेदार, सभासद दिलशाद ठेकेदार, मुकीब खां सूरी, कादिर अंसारी, शेख इमरोज, चौधरी भोले कुरैशी, नसीम अल्वी ठेकेदार, नासिर कुरैशी, गुफरान कुरैशी, चाचा अब्दुल रज्जाक ठेकेदार, सलमान (भट्टे वाले), सूफी कदीरा, रफीक अहमद मिस्त्री, मौलाना इस्माईल नदवी, अहसान शाह व हासिम अंसारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने एक–दूसरे को रमजान की मुबारकबाद देते हुए समाज में शांति, सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया।

# सरखेज रोजा में इश्क-ए-इतार का आयोजन

## - विरासत और भाईचारे की मिसाल

न्यूज वाणी ब्यूरो



अहमदाबाद, गुजरात। 15 वीं शताब्दी के महान सूफी संत शेख अहमद खट्टू गंज बख्श (रहमतुल्लाह अलैह) की लगभग 500 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक दरगाह सरखेज रोजा में इश्क–ए–इतार विरासत इतार कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह ऐतिहासिक स्थल गंगा–जमुनी तहजीब, सांस्तिक धरोहर और आपसी भाईचारे का जीवंत प्रतीक है। यह कार्यक्रम सफर–ए–विरासत समूह के सहयोग से अधिवक्ता गुल मोइन खोखर द्वारा आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को अपनी सांस्तिक विरासत से जोड़ना और समाज में एकता एवं सौहार्द को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अमितभाई ठाकर (वेजलपुर–सरखेज), डॉ. महबूब कुरैशी (राष्ट्रीय योग समन्वयक), जैनुल आबेदीन अंसारी, भाजपा राज्य अल्पसंख्यक मोर्चा महामंत्री, सदस्य गुजरात साहित्य अकादमी, एवं रेशमा बानो काठी उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों को स्मृति–चिह्न, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरखेज रोजा के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई तथा देश की समृद्ध संस्तिति और गंगा–जमुनी तहजीब पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि यह स्थल प्रेम, एकता और इंसानियत का प्रतीक है और ऐसे आयोजन समाज में सद्भाव की नई राहें खोलते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सफर–ए–विरासत टीम को उपस्थित लोगों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और भविष्य में ऐसे विरासत आधारित आयोजनों के निरंतर आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की।

# एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय विद्यालय प्रबंध समिति प्रशिक्षण सम्पन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र खैराबाद में समग्र शिक्षा के अंतर्गत विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष तथा सचिव प्रधानाध्यापकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार मिश्र द्वारा की गई जबकि संचालन प्राथमिक विद्यालय जैतीखेड़ा के शिक्षक ओमनी मिश्रा ने की। उक्त के सम्बन्ध में प्राथमिक विद्यालय भागौतीपुर प्रथम के राहुल कुमार तिवारी, कंपोजिट विद्यालय उनसिया के मास्टर ट्रेनर पुष्पेंद्र मौर्य ने विस्तार से बताया। इस अवसर पर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष नरेश कुमार मिश्र, प्राथमिक के पवन कुमार सिंह, जिला महिला उपाध्यक्ष वंदना दीक्षित, डॉक्टर अनुपम मिश्रा, कंपोजिट विद्यालय भागौतीपुर के प्रधानाध्यापक टीपी सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष काजिम हुसैन, मंत्री जहीर आलम, अमित त्रिपाठी आदि ने संबोधित किया।




प्रशिक्षण में सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, सचिव, अध्यक्ष ने भी अपने विचार व्यक्त किए,वक्ताओं ने बड़ी संख्या में अपील करते हुए मांग किया कि जिन विद्यालयों में ग्राम प्रधान द्वारा खाना बन रहा है वहां की गुणवत्ता बहुत खराब है इसलिए उनसे लेकर विद्यालय प्रबन्ध समिति द्वारा बनवाने की व्यवस्था की जाए जिसका सभी ने समर्थन किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार मिश्र ने संबोधित करते हुए कहा कि जिन विद्यालयों में पैसा गया है उसको निकालकर जिस मद का गया है उसी के अनुसार उक्त कार्यों पर खर्च करके अपने कार्यों को पूर्ण कराएं लेकिन जो भी व्यय किया जाए उसका सही से पंजिका में अंकन किया जाए और उसका संपूर्ण विवरण बैनर पर लिखवा कर दीवार पर लगवाया जाए। कक्षा एक दो तीन का शिक्षण कार्य विद्यालय के सबसे अच्छे शिक्षकों द्वारा ही करवाया जाए। प्रशिक्षण में एसएमसी के उपस्थित सभी सचिव प्रधानाध्यापक एवं अध्यक्षों को प्रशिक्षण सामग्री तथा जलपान एवं दोपहर में भोजन भी करवाया गया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग करने वालों में कार्यालय सहायक पंकज कुमार रावत, ब्रजेश दीक्षित, रमेश रस्तोगी, संतोष त्रिवेदी, प्रमोद कुमार, संजय कुमार, सिराज अहमद, मनीष पाल, संतोष कुमार, सुधीर कुमार आदि प्रमुख हैं।

# योजनाओं का नाम बदलकर अपनी पीठ थपथपाने की आदी भाजपा सरकार

न्यूज वाणी ब्यूरो



बिसवां, सीतापुर। ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस द्वारा मनरेगा बचाओ रथ यात्रा के तीसरे दिन आज बन्नी खरैला, कामापुर, गुरेरा, इसबापुर, सभा में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सुनीला रावत ने कहा कि हम आपको अपने हकों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना होगा तभी हम सभी पूंजीपतियों के चंगुल से मुक्त हो पाएंगे। डा० आरपी वर्मा ने कहा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मजदूर भाइयों के लिए संचालित मनरेगा कानून को बदलकर दलितों पिछड़ों के हक छीन कर उन्हें तबाही के रास्ते पर पहुंचाना चाहती है। रोशनी गुप्ता ने कहा गरीबों को शिक्षा से वंचित करने के लिए उ०प्र० में बंद किए जा रहे प्राथमिक विद्यालय अशिक्षा को बढ़ावा देकर इन्हे जागरूक होकर अपने हित व हकों पर आवाज बन्द करके मूकदर्शक बनाने का प्रयास है। शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि भाजपा ने अपने शासनकाल में जनता जनार्दन को लाइन में लगाने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। किसानों, बेरोजगारों मजदूरों को बैंकों के अलावा डीएपी यूरिया व धान गेहूं क्रय केंद्रों के साथ इस समय गैस सिलेंडर के लिए पसीना बहाने पर मजबूर कर दिया है।

# अज्ञात वाहन ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

मैनपुरी, एलाऊ। बुधवार को थाना एलाऊ क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा–तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना किशनी के नगला देवी निवासी मुकुट सिंह अपने परिवार के साथ ई–रिक्शा से अपनी पुत्री के घर जा रहे थे। जैसे ही उनका ई–रिक्शा एलाऊ क्षेत्र के गांव मंछना स्थित शराब ठेके के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने तेज गति और लापरवाही से गलत दिशा में आकर ई–रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मुकुट सिंह के छोटे भाई महेन्द्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी, पुत्री सहित अन्य परिजन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल मैनपुरी पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने घायलों की हालत गंभीर देखते हुए कुछ को सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीड़ित पक्ष ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की प्राथमिकी दर्ज कर कर जांच में जुटी है और आरोपी वाहन व चालक की तलाश की जा रही है।

# स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस के विशेष शिविर का भव्य शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो



गाजीपुर। स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ बुधवार को कॉलेज परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर जी. सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन और समाज सेवा की भावना को स्वयं में समाहित करना ही शिक्षा का असली उद्देश्य है। विशिष्ट वक्ता के रूप में बोलते हुए प्रोफेसर विनय कुमार दुबे और डॉ. समरेंद्र नारायण मिश्र ने छात्र–छात्राओं को देश सेवा के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस युवाओं को समाज की जमीनी हकीकत से रूबरू कराकर उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान चारों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अविनाश चंद्र राय, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. पंकज कुमार यादव एवं डॉ. अतुल कुमार सिंह ने अपनी–अपनी इकाइयों का प्रतिनिधित्व किया और सात दिनों तक चलने वाली विभिन्न गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। मंच का कुशल संचालन डॉ. मनोज कुमार मिश्र ने किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. पंकज कुमार यादव ने मुख्य अतिथियों और उपस्थित स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों का सप्त दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

जमानियां, गाजीपुर। हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों का सप्त दिवसीय विशेष शिविर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो श्रीनिवास सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि जमानियां विधायक ओमप्रकाश सिंह प्रतिनिधि मन्नू सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इकाई प्रथम के स्वयं सेवक कृष्णानंद पाठक ने सरस्वती वंदना एवं विभिन्न छात्र–छात्राओं ने शानदार विभिन्न सांस्तिक कार्यक्रम पेश कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य प्रो अखिलेश कुमार शर्मा शास्त्री ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं के व्यक्तित्व विकास का एक बहुत बड़ा मंच है। छात्र–छात्राएं यहां के सीखे हुए गुर को अपने जीवन में उतार कर एक कुशल नागरिक बनकर अपने परिवार, समाज और देश का बहुत बड़ा उपकार कर सकते हैं। युवाओं में असीमित ऊर्जा और अपार आवेश को नियंत्रित करने की क्षमता है। सकारात्मक सोच बनाए रखने में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका अद्वितीय है। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे मन्नू सिंह ने कहा कि आप राष्ट्रीय सेवा योजना में सीखे हुए व्यवहार को अपने जीवन में उतारकर अच्छे नागरिक बन सकते हैं। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो श्रीनिवास सिंह कहा कि व्यक्तित्व का सबसे बड़ा मंच राष्ट्रीय सेवा योजना है इस जुड़े स्वयं सेवक सेविकाएं जीवन के सभी लक्ष्यों को प्राप्त करते हैं। संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.राकेश कुमार सिंह ने किया। आगंतुकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन द्वितीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा. अभिषेक तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रो.अरुण कुमार, डॉ विजय श्याम पांडेय, शिक्षक प्रभाकर सिंह, डॉ रविन्द्र मिश्र, कमलेश प्रसाद पप्हेपू कुमार सहित स्वयं सेवक एवं सेविकाएं उपस्थित रहे।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# दीवानी परिसर की दुकानों की नीलामी 23 मार्च को

## – फोटोस्टेट, हलवाई व स्टॉल के लिए बोली प्रक्रिया तय

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। नई दीवानी परिसर स्थित विभिन्न दुकानों एवं स्टॉलों की नीलामी वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए 23 मार्च को आयोजित की जाएगी। यह नीलामी दोपहर 4.30 बजे दस न्यायालय कक्ष भवन के सभागार में संपन्न होगी। नीलामी में अस्थायी फोटोस्टेट की दुकान, हलवाई की दुकान, लाई–चना स्टॉल और पान का खोखा शामिल हैं। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर उपस्थित होकर निर्धारित शर्तों के अनुसार बोली लगा सकते हैं। लाई–चना और पान के खोखे के लिए 2000 रुपये तथा फोटोस्टेट और हलवाई की दुकान के लिए 10,000 रुपये की सुरक्षा धनराशि जमा करनी होगी। सभी बोलीदाताओं को 23 मार्च को दोपहर 2 बजे तक जमानत राशि अग्रिम रूप से जमा करनी अनिवार्य होगी, जो नीलामी समाप्ति के बाद नियमानुसार वापस कर दी जाएगी। सबसे अधिक बोली लगाने वाले को नीलामी के तुरंत बाद कुल बोली राशि का 50 प्रतिशत जमा करना होगा। नीलामी को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार संबंधित प्राधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा। ठेका 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक के लिए प्रभावी रहेगा। नीलामी में भाग लेने के लिए प्रत्येक इच्छुक व्यक्ति को 100 रुपये मूल्य का नीलामी फार्म भरकर स्थायी निवास प्रमाण पत्र या आधार कार्ड के साथ नजारत कार्यालय में जमा करना होगा। नीलामी फार्म 23 मार्च को दोपहर 12रू00 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं।

# एसडीएम की त्वरित कार्रवाई से सरकारी भूमि हुई कब्जा मुक्त

## – एसडीएम ने राजस्व टीम को मौके पर भेज कर हटवाया कब्जा



न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी की जनसुनवाई में ग्राम खटीकन, परगना चर्दा, तहसील नानपारा निवासी सफीकन पुत्री घसीटे द्वारा इस आशय की शिकायत की गई कि गाटा संख्या 323, रकबा 0.111 हेक्टेयर भूमि, जो कि राजस्व अभिलेखों में नवीन परती के नाम दर्ज (सरकारी भूमि) है, उस पर ग्राम निवासी मेंराज पुत्र मकबूल द्वारा पक्का निर्माण कर अवैध कब्जा किया जा रहा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने तत्काल राजस्व टीम को मौके पर भेजकर जांच कराई। राजस्व टीम की जांच में शिकायत की पुष्टि होने पर सरकारी भूमि पर किए जा रहे अवैध कब्जे को ध्वस्त करवा दिया गया और सरकारी जमीन से अवैध अतिक्रमण को हटवा दिया गया तथा भूमि को कब्जा मुक्त कराकर पुनः सरकारी अभिलेखों के अनुसार सुरक्षित कराया गया। उप जिलाधिकारी श्रीमती जौहरी ने बताया कि तहसील क्षेत्र अन्तर्गत सरकारी भूमि, चकमार्ग अथवा सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ऐसे मामलों के संज्ञान में आने पर तत्काल नियमानुसार कार्रवाई अमल में लायी जाये।

# सीओ नानपारा ने किया रुपईडीहा क्षेत्र का निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो /रूपईडीहा, बहराइच। आगामी ईद पर्व के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह ने रूपईडीहा क्षेत्र का दौरा कर प्रमुख धार्मिक स्थलों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चकिया रोड स्थित ईदगाह एवं जामा मस्जिद रूपईडीहा पहुंचकर



वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जामा मस्जिद एवं ईदगाह के इमाम हाफिज कसीद से मुलाकात कर ईद की नमाज से संबंधित तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। क्षेत्राधिकारी ने इमाम से कहा कि यदि किसी प्रकार की कोई समस्या या असुविधा हो तो तत्काल प्रशासन को अवगत कराएं, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि सुरक्षा के .ष्टिकोण से पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और शांतिपूर्ण तरीके से ईद का त्योहार संपन्न कराने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें ताकि तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान थाना प्रभारी रूपईडीहा रमेश सिंह रावत अपने पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# नवनिर्माण के नौ वर्ष विकसित भारत-विकसित प्रदेश की थीम पर हुआ कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो /फिरोजाबाद। सरकार की उपलब्धियों पर आधारित एक प्रदर्शनी लगाई गयी, जिसका अवलोकन जन प्रतिनिधियों ने किया, कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौपें गए। साथ ही हैल्प डेस्क के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर लोगों को लाभान्वित किया गया। जन प्रतिनिधियों के हाथोंइस अवसर पर विभिन्न योजनाओं से आच्छादित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और चेक भी सौपें गए। जिनमें उमाकांत विश्वकर्मा को



विश्वकर्मा योजना के तहत प्रमाण पत्र सौंपा गया, जबकि डम्बर सिंह और राधेश्याम को मुख्यमंत्री आवास योजना की चाबियां सौंपी गयी जबकि शिक्षा के क्षेत्र में उत्.ष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को जिनमें सौम्या, निधि जन्नत राधा आदि को जनप्रतिनिधियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक प्रेमपाल धनगर ने विस्तार से नौ साल की उपलब्धियों का वर्णन किया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उ0प्र0 ने पिछले नौ वर्षों में कानून व्यवस्था, निवेश, बुनियादी ढ़ाचां, .षि, रोजगार और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन देखा है। आज उ0प्र0 भयमुक्त और विकास पथ पर अग्रसर राज्य बन चुका है, प्रदेश सरकार द्वारा अपनायी गयी अपराध और अपराधियों के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति से अपराधों में निरंतर कमी आई है, वही, मिशन शक्ति, महिला हेल्पलाइन 181, वूमेन पावर लाइन 1090 एंटी रोमियो स्कॉड के माध्यम से महिला सुरक्षा को मजबूत किया गया है। प्रदेश में 50 लाख करोड़ रू0 से अधिक के निवेश प्राप्त हुए है, जिससे 60 लाख रोजगार के अवसर सृजित हुए है, अब उ0प्र0 एक्सप्रेस वे प्रदेश बन चुका है, देश के कुल एक्सप्रेस वे कुल नेटवर्क का लगभग 55 प्रतिशत हिस्सा उ0प्र0 में है, वर्तमान में 22 एक्सप्रेस वे या तो संचालित है या तो निर्माणाधीन है। प्रदेश में 65.50 लाख वृद्धजन और 26.81 लाख निराश्रित महिलाऐं 11.57 लाख दिव्यांगजन पेंशन योजना का लाभ ले रहें है, पी0एम0 किसान सम्मान निधि के तहत 2 करोड़ 12 लाख किसानों को 99 हजार करोड़ रू0 से अधिक की राशि हस्तांतरित की गयी है, अयोध्या कांशी, मथुरा, प्रयागराज, चित्रकूट, नेमीषारण जैसी प्राचीन सांस्.तिक स्थलों का व्यापक विकास कर सांस्.तिक पुर्नजागरण के नए युग का प्रारम्भ हुआ है, कार्यक्रम के अंत में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियो के साथ उपस्थित रहकर लाभार्थियों का उत्साहवर्द्धन किया, मेयर कामिनी राठौर ने भी कहा कि यह नौ वर्ष उ0प्र0 को विकसित भारत की दिशा में ले जाने वाले निर्णायक वर्ष साबित हुए है। इस परियोजना निदेशक सुभाष चन्द्र त्रिपाठी, बीएसए आशीष पाड़ेय, पिछडा वर्गकल्याण अधिकारी के0एम0 सिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहें।

# अन्तर्राज्यीय टप्पेबाज गिरोह के 06 सदस्य गिरफ्तार

## - 32 लाख की कीमत का माल 32 हजार रुपए नगद व चार पहिया वाहन बरामद

## - पुलिस व एसओजी की संयुक्तटीम को मिली बड़ी सफलता

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा चोरी, वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री मेविस टॉक के निकट पर्यवेक्षण में आज थाना कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चोरी/टप्पेबाजी की घटना को अंजाम देने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के 06 अभियुक्तों को गिरतार कर लिया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से करीब 32 लाख रुपए अनुमानित कीमत के माल, नकद रुपए व घटना में प्रयुक्त चारपहिया वाहन बरामद हुए है। गौरतलब है कि 11 फरवरी को थाना तिंदवारी क्षेत्र की रहने वाली उमा पत्नी कमल द्वारा सूचना दी गई कि 10 फरवरी कसे वह शादी में जाते समय रिक्शे में 02 अज्ञात महिलाओं द्वारा उनके पर्स को चोरी कर लिया जिसमें सोने के आभूषण आदि थे तथा 20 फरवरी को जनपद हमीरपुर थाना मौदहा क्षेत्र की रहने वाली रिन्शू सिंह पत्नी शोभित द्वारा सूचना दी गई कि 19 फरवरी को बांदा संकट मोचन मंदिर के पास एक ऑटो में 04 अज्ञात महिलाओं द्वारा उनके बैग से जेवरात निकाल लिए। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजी.त करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया था। जिसके क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज व अन्य तकनीकी साक्ष्यों की मदद से अभियुक्तों की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर घटना को अंजाम देने वाले 06 अभियुक्तों (04 महिला व 02 पुरुष)



को मवई बाईपास महोबा रोड से गिरतार कर लिया गया। उनके कब्जे में चोरी/टप्पेबाजी के करीब 32 लाख रुपए अनुमानित कीमत के माल/नकद रुपए व घटना में प्रयुक्त चारपहिया वाहन बरामद हुए है माल सहित घटना में प्रयुक्त चारपहिया वाहन बरामद हुए है। कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि वह सभी इसी दोनों चार पहिया वाहनों से भारत के अलग–अलग राज्यों में घूम–घूम कर ग्रुप बनाकर चोरीध्टप्पेबाजी जैसी घटनाओं को अंजाम देते है और आभूषणों को स्वयं गलाकर आपस में बांट लेते है। यह चारपहिया वाहन ग्रैंड विटारा भी हम लोगों ने चोरी, टप्पेबाजी के सामानों की बिक्री से प्राप्त रुपए से खरीदी है। गहनता जांचध्पूछताछ के क्रम में पाया गया कि ये सभी आपस में रिश्तेदार है तथा पेशेवर अपराधी है और ये सभी बच्चों का भी सहारा लेकर चोरीध्टप्पेबाजी करते है। ये सभी हरियाणा और राजस्थान के रहने वाले है और चैत्र नवरात्रि पर्व के .ष्टिगत मन्दिरों सहित भीड़–भाड़ वाले स्थानों आदि से चोरीध्टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में थे। इनके द्वारा बांदा, चित्रकूट मैहर सतना आदि सहित भारत के अन्य राज्यों में भी चोरी, टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। इस संबंध में गहनता से जांच की जा रही है कि इनके गिरोह में और कितने लोग सम्मिलित हैं। इनके द्वारा और किन–किन स्थानों पर इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया गया है जिनके सम्बन्ध में जांच कर आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी की जा रही है। अभियुक्तों के कब्जे से 06 टंच पीली धातु वजन 71.140 ग्राम (चोरी टप्पेबाजी के) अनुमानित कीमत 12 लाख रुपए 02 टंच सफेद धातु 803 ग्राम (चोरी/टप्पेबाजी के) अनुमानित कीमत 2.5 लाख रुपए 01 चार पहिया वाहन ग्रैंड विटारा (चोरी, टप्पेबाजी के सामानों की बिक्री से प्राप्त) अनुमानित कीमत 16 लाख रुपए 32 हजार रुपए नकद (चोरी, टप्पेबाजी के) 01 चार पहिया वाहन मारुति टूर एस (चोरी, टप्पेबाजी में प्रयुक्त) 07 मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पकड़े गए अभियुक्त सुभाष चन्द्र पुत्र विक्रम निवासी कैलाश नगर थाना कैंट जनपद पलवल हरियाणा, रोहित पुत्र बीरपाल निवासी कैलाश नगर थाना कैंट जनपद पलवल हरियाणा, नेहा पत्नी रोहित निवासी कैलाश नगर थाना कैंट जनपद पलवल हरियाणा, गीता पत्नी धन्नी निवासी कैलाश नगर थाना कैंट जनपद पलवल हरियाणा, काजल पुत्री धन्नी निवासी कैलाश नगर थाना कैंट जनपद पलवल हरियाणा, नीलम पत्नी सोनू निवासी चक गिरवारी नगर थाना ढ़ींग जनपद भरतपुर (राजस्थान) के विरुद्ध मु0अ0सं0– 133/26 धारा 305, 317(2), 317(4), 112(2), 95 बीएनएस थाना कोतवाली नगर, मु0अ0सं0– 91/26 धारा 305, 317(2), 317(4), 112(2), 95 बीएनएस थाना कोतवाली नगर में अभियोग दर्ज किया गया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर बलराम सिंह, आनन्द कुमार प्रभारी एसओजी मय टीम यज्ञनारायण भार्गव चौकी प्रभारी बलखंडीनाका आशुतोष त्रिपाठी चौकी प्रभारी मण्डी समिति उ0नि0 दीपक चौधरी उ0नि0 प्रवेश कुमार म0उ0नि0 रश्मि सिंह म0हे0का0 नालम देवी म0का0 सरोज साहू का0 नितेन्द्र कुमार का0 प्रशांत कुमार का0 सौरभ का0 दीपक शामिल रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस सम्पन्न

## - सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े किसान तक बिना किसी बाधा के पहुँचे

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया



गया। बैठक के दौरान जिला कृषि अधिकारी सोम प्रकाश गुप्ता ने पिछले माह किसान दिवस में किसानों द्वारा की गई शिकायतों के निस्तारण के संबंध में उपस्थित किसानों की समक्ष बताया गया। बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक जिलाधिकारी द्वारा सुना गया और .षि क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने हेतु कड़े निर्देश दिए गए। रतनपुरा के किसानों द्वारा शिकायत की गई की गाढ़ा ताल की सफाई कराई जाए, कुछ किसानों द्वारा शिकायत की गई कि जंगली नीलगायों द्वारा फसलों को नुकसान किया जा रहा है इसकी व्यवस्था की जाए। ग्राम पंचायत कुशमौर में क्रय केंद्र न होने की शिकायत की गई। इसी क्रम में खुखुन्दवा में सरकारी नाली पर अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने एवं नाली का निर्माण कराए जाने की भी शिकायत की गई। हथिनी से सरवा तक जाने वाली सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तकनीक और सरकारी अनुदान का सही समन्वय आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों और अधिकारियों की आपसी समन्वय से .षि से आय में वृद्धि होगी जनपद में ऐसे किसानों की जरूरत है जो .षि से अपनी आय में वृद्धि किए हों जिससे जनपद के अन्य किसान प्रेरित होकर .षि के क्षेत्र में आगे आए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने .षि से संबंधित योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की और किसानों को लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जिन किसानों की ई–केवाईसी लंबित है, उन्हें .षि विभाग शिविर लगाकर पूर्ण कराए ताकि किसी भी पात्र किसान की किस्त न रुके। आधुनिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए उर्वरक और कीटनाशकों के छिड़काव हेतु ड्रोन तकनीक के उपयोग की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील स्तर पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण 7 कार्य दिवसों के भीतर सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने जनपद के प्रगतिशील किसानों से कहा कि कृषि क्षेत्र से संबंधित बैंकों के माध्यम से मिलने वाले ऋण में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि किसान राष्ट्र की रीढ़ हैं। प्रशासन की प्राथमिकता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े किसान तक बिना किसी बाधा के पहुँचे। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि किसानों के शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किए जाएं अन्यथा की स्थिति में लम्बित शिकायतों पर किसानों द्वारा यदि पुनः शिकायत की गई तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। किसान दिवस के दौरान जिला विकास अधिकारी उमेश चन्द्र तिवारी, लीड बैंक मैनेजर अनिल कुमार सिन्हा, जिला उद्यान अधिकारी संदीप कुमार गुप्ता सहित जनपद के प्रगतिशील किसान तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मां कर्मा देवी जयंती पर आयोजन, भीड़ ने बनाया यादगार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। मटेरा स्थित तिलक इंटर कॉलेज परिसर में मां कर्मा देवी जयंती एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें जनसैलाब उमड़ पड़ा। अनुमानतः 15 हजार से अधिक लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया।

समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलन एवं मां कर्मा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। आयोजन स्थल पर पारंपरिक एवं सांस्.तिक माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान इंजीनियर अविनाश साहू ने मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत करते हुए उन्हें विशाल माला पहनाई, चांदी का मुकुट अर्पित किया तथा सम्मान स्वरूप तलवार भेंट की। अपने संबोधन में मंत्री श्री पटेल ने अविनाश साहू के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि समाजसेवा





के क्षेत्र में सक्रिय लोगों को आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए, जिससे वे जनहित में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। उनके वक्तव्य पर उपस्थित लोगों ने जोरदार समर्थन जताया। समारोह में तेली समाज के लोगों का विशेष उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों के कारण आयोजन स्थल खचाखच भर गया और कई लोग बाहर खड़े होकर कार्यक्रम में शामिल हुए। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज किशोर साहू एवं गोविंद प्रसाद साहू ने संयुक्त रूप से की। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में बबीता साहू, अमृत लाल साहू और डी.सी. गुप्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। समारोह के अंत में उपस्थित लोगों ने एक–दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं तथा मां कर्मा देवी की पूजा–अर्चना कर समाज की उन्नति, एकता और समृद्धि की कामना की।

# खड़िया नाला के पुनरोद्धार हेतु सीडीओ ने टीम के साथ किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जनपद में प्रवाहित छोटी एवं सहायक नदियों के पुनरोद्धार एवं कायाकल्प के अंतर्गत गाढ़ा ताल से प्रभावित खड़िया नाला, जो आगे चलकर तमसा नदी में मिल जाता है के पुनरोद्धार हेतु मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। यह नाला नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा के अंतर्गत प्रकाशित एटलस ऑफ रिवर्स इन उत्तर प्रदेश में भी सूचीबद्ध है, जिससे इसके संरक्षण एवं पुनरोद्धार का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। निरीक्षण के दौरान



सामाजिक वानिकी विभाग, मऊ के एसडीओ रामसूरत यादव जिला पंचायत राज विभाग के जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र, मनरेगा से प्रशांत राय, सिंचाई विभाग से उदय नाथ पाण्डेय तथा डॉ. हेमंत कुमार यादव जिला परियोजना अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। टीम द्वारा नाले की वर्तमान स्थिति, जल प्रवाह, गाद जमाव तथा कूड़ा–कचरा निस्तारण की स्थिति का विस्तृत अवलोकन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों एवं ग्राम प्रधानों से संवाद स्थापित कर उनके सुझाव एवं समस्याओं को भी गंभीरता से सुना गया। मुख्य विकास अधिकारी ने आश्वस्त किया कि खड़िया नाला के पुनरोद्धार एवं कायाकल्प के लिए शीघ्र ही एक प्रभावी, व्यवहारिक एवं दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार की जाएगी। खड़िया नाला के पुनरोद्धार से क्षेत्र में भूजल स्तर में सुधार, सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि, जलभराव की समस्या में कमी तथा जैव विविधता के संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा तथा स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। यह पहल न केवल प्रा.तिक संसाधनों के संरक्षण में सहायक होगी, बल्कि ग्रामीण आजीविका एवं सतत विकास को भी प्रोत्साहित करेगी।

# पेशी के दौरान फरार अभियुक्त को थाना अतर्रा पुलिस ने पकड़ा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वाछिंत अभियुक्तो की गिरतारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अतर्रा पुलिस द्वारा न्यायालय से पेशी के दौरान फरार अभियुक्त को गिरतार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि 16 मार्च को एक अभियुक्त को न्यायालय अतर्रा में पेशी हेतु ले जाया गया था, जहां से वह बाथरूम जाने का बहाना बनाकर पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना अतर्रा में अभियुक्त के विरुद्घ अभियोग पंजी.त कर अभियुक्त के गिरतारी के हेतु





टीमों का गठन किया गया था जिसके क्रम में थाना आज 18 मार्च को अतर्रा पुलिस द्वारा अभियुक्त को कड़ियानाका बीरजा पुरवा थाना फतेहगंज से गिरतार कर लिया गया। पकड़े गए अभियुक्त चुन्नु उर्फ पंकज पुत्र रामनाथ निवासी गाँधी नगर कस्बा अतर्रा व थाना अतर्रा के विरुद्ध मु0अ0सं0–19/2026 धारा 305(क)/317(2) बीएनएस थाना अतर्रा मु0अ0सं0 115/26 धारा 262, 121(1), 132, 115(2) बीएनएस थाना अतर्रा में अभियोग दर्ज किया गया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में संजीव कुमार चौबे थानाध्यक्ष अतर्रा, उप निरीक्षक सुरेन्द्र प्रताप सिंह, हे0का0 रोहित कुमार का0 रविन्द्र श्रीवास का0 आदर्श तिवारी का0 अजय प्रजापति का0 आकाश कुमार का0 राहुल साहू का0 श्रवण कुमार शामिल रहे।

# मुराई बाग चौराहा में लगा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो

रायबरेली। इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय लखनऊ द्वारा डलमऊ ब्लॉक के कॉपरेटिव संघ मुराई बाग चौराहा में नेत्र परीक्षण निःशुल्क ऑपरेशन एवं रोगियों को निःशुल्क चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र शिविर का आयोजन जिला पंचायत सदस्य डलमऊ तृतीय व एआईसीसी मेम्बर वीरेन्द्र यादव एडवोकेट व



सभासद ऋतिक जायसवाल ने किया। नेत्र शिविर आज सवेरे 9 बजे से 1 बजे तक चलाया गया। जिसमें 96 लोगों के नेत्र परीक्षण किए गए और 29 लोगों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया और 14 लोगों को चश्मा लगाए गए मरीजों को आइ ड्रॉप दी गई। शिविर में बड़ी संख्या में आए लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए एवं विकलांग, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन की जानकारी दी गई और समस्याओं का निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष हरिभान चौधरी मनमोहन सभासद, विक्रम सभासद नगर अध्यक्ष मोहम्मद शकील विमलेश चौधरी शिवेन्द्र मोदनवाल, जगदीश यादव, केएस यादव, राजन मिश्रा, पीयूष यादव, शिवेन्द्र कुमार, आलोक कुमार यादव शुभम मुंशी अरविन्द शुक्ला, दीपक कुमार, अखिलेश यादव, संजयकुमार, आलोक यादव दीना का पुरवा, अनीश कुमार, विपिन, लाल गोपाल, शिवा लोधी, तेजभान राम कुमार समेत सैकड़ो ग्राम वासी उपस्थित रहें।

# नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर नौ दिवसीय समारोह का हुआ शुभारम्भ

## – आडिटोरिम में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार अपने 9 वर्ष पूर्ण होने पर उत्तर प्रदेश के नवनिर्माण के 9 वर्ष के रूप में 09



दिवसीय समारोह का आयोजन कर रही है। उत्तर प्रदेश नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में आयोजित होने वाले 18 से 26 मार्च 2026 तक 09 दिवसीय समारोह का शुभारम्भ विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने एमएलसी पदमसेन चौधरी, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य अतिथियों तथा अधिकारियों के साथ मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर मैट्रो एकेडमी की ओर गणेश वन्दना व सांस्.तिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। उत्थान आडिटोरियम में आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लोक भवन सभागार लखनऊ में आयोजित समारोह का सजीव प्रसारण किया गया जिसे मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा आमजन द्वारा देखा व सुना गया। समारोह के दौरान मा. जनप्रतिनिधियों व अतिथियों को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान प्रदेष की 09 वर्ष उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म का भी प्रसारण किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महसी विधायक सुरेश्वर सिंह ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था, निवेश, बुनियादी ढांचे, .षि, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और तकनीक आधारित सुशासन के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है। उत्तर प्रदेश आज भयमुक्त, निवेश अनुकूल और तेजी से विकसित होने वाला राज्य बन चुका है। हमारी सरकार में बेटियों के सम्मान के लिए बेटी पढ़ाओं बेटी बचाओं योजनान्तर्गत बेटियों के जन्म से लेकर उनकी पढ़ाई तक का पैसा दिया जा रहा है। प्रदेश में गरीब, निर्धन, असहाय परिवारों की बेटियों के लिए सामुहिक विवाह अन्तर्गत 01 लाख रूपये की सहायता प्रदान की जा रही है। महिला सुरक्षा और सम्मान के .ष्टिगत मिशन शक्ति, महिला हेल्पलाइन 181, वीमेन पावर लाइन 1090, एंटी रोमियो स्क्वायड और महिला बीट पुलिसिंग के माध्यम से महिला सुरक्षा को मजबूत किया गया है। 19,839 महिला पुलिसकर्मियों की नियुक्ति की गई और 9,172 महिला बीटों का गठन किया गया। महिला एवं बाल अपराधों के निस्तारण में 98.90 प्रतिशत निस्तारण दर के साथ उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्यों में शामिल है। सांस्.तिक पुनर्जागरण और पर्यटन के क्षेत्र में मा. प्रधानमंत्री एवं मा. मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज, चित्रकूट और नैमिषारण्य जैसे प्रमुख तीर्थस्थलों का व्यापक विकास किया गया है। वर्ष 2025 में प्रदेश में 1 अरब 56 करोड़ से अधिक पर्यटक आए, जिससे उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटक आगमन में देश में प्रथम स्थान पर रहा। अयोध्या दीपोत्सव में 26 लाख से अधिक दीप जलाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया गया। काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर और अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण ने प्रदेश को वैश्विक धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनाया है।गरीब कल्याण और खाद्य सुरक्षा अन्तर्गत प्रदेश में 15 करोड़ से अधिक गरीबों को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 1.86 करोड़ से अधिक परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन दिए गए हैं। डीबीटी के माध्यम से 31 विभागों की 191 योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाया जा रहा है। पिछले 9 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी उत्तर प्रदेश ने सुशासन, सुरक्षा, निवेश, सामाजिक न्याय और विकास के नए मानक स्थापित किए हैं। आज उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था, निवेश और विकास का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। नवनिर्माण के ये 9 वर्ष उत्तर प्रदेश को विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में अग्रसर करने वाले निर्णायक वर्ष हैं। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राज कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, अधिषाषी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी प्रदीप कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी घासीराम, जिला सेवा योजन अधिकारी संजय कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी तथा गणमान्य जन मौजूद रहे।

# ग्लोबल रीसाइकलिंग डे पर बच्चों ने दिया स्वच्छता का संदेश

## – ड्राई वेस्ट से बनाए आकर्षक मॉडल, छात्र–छात्राएं सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। नगर पालिका परिषद एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावधान में ग्लोबल रीसाइकलिंग डे के अवसर पर वार्ड संख्या 4 पुरविया टोला नालापार स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शिखा पाल के प्रयासों से इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत छात्र–छात्राओं ने ड्राई वेस्ट से सुंदर घरेलू एवं सजावटी सामान तैयार कर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। खण्ड शिक्षा अधिकारी जेपी सिंह एवं स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के ब्रांड एंबेसडर डॉ. हरिशंकर पटेल ने संयुक्त रूप से बच्चों को ट्रिपल आर (रिड्यूस, रीयूज एवं रीसायकल) के बारे में जानकारी दी और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उत्.ष्ट कार्य करने वाले छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के बारे में भी जानकारी दी गई तथा नगर पालिका को सहयोग देने की अपील की गई। इस अवसर पर आईटीसी टीम के सुजीत कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे, जिनके सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



# कुनैरा जैन मंदिर नवग्रह अहिंसा तीर्थ में विराजमान क्षुल्लक प्रगुण सागर महाराज

## – जैन धर्म मे नवरात्र का विशेष महत्व होगी विशेष साधना

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। कुछ ही दूरी पर स्थित श्री दिगंबर जैन नवग्रह अहिंसा तीर्थ क्षेत्र, कुनैरा में अहिंसा तीर्थ प्रेरणाता आचार्य श्री 108 प्रमुख सागर महाराज जी के परम शिष्य क्षुल्लक श्री 105 प्रगुण सागर महाराज जी विराजमान हैं। उनके सान्निध्य में तीर्थ क्षेत्र का वातावरण अत्यंत भक्तिमय बना हुआ है। क्षुल्लक श्री प्रगुण सागर महाराज जी ने जानकारी देते हुए बताया कि वे नवरात्रि के पावन अवसर पर विशेष साधना, जाप एवं आराधना करेंगे। इस दौरान श्रद्धालुओं को धर्म लाभ प्राप्त होगा तथा आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होगा। वहीं आचार्य श्री 108 प्रमुख सागर महाराज जी ससंघ का मंगल विहार कर्नाटक की ओर प्रगति पर है। उनकी निरंतर धर्म प्रभावना से देशभर में जैन समाज में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। क्षुल्लक श्री जी ने नवरात्रि पर्व का जैन धर्म में विशेष महत्व बताते हुए कहा कि प्राचीन परंपरा के अनुसार चक्रवर्ती सम्राट भरत ने नवरात्रि के पावन दिनों में कैलाश पर्वत पर निर्मित 72 जिनालयों की वंदना, अर्चना और साधना की थी। इसी परंपरा का निर्वहन आज भी श्रद्धालु करते हैं। उन्होंने समस्त श्रद्धालुओं को मंगल आशीर्वाद प्रदान करते हुए धर्म साधना में अधिकाधिक सहभागिता का संदेश दिया।



# खड़ंजा का मरम्मतीकरण कराए जाने की डीएम से मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम लालीपुर में पहले से लगे खड़ंजा का मरम्मतीकरण कराए जाने की मांग को लेकर ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम को एक मांग पत्र सौंपकर समस्या का निराकरण कराए जाने की आवाज उठाई। रीता देवी पत्नी सुरेन्द्र कुमार की ओर से डीएम को दिए गए पत्र में बताया कि उसके घर के सामने रास्ता है। जिस पर पुराना खड़ंजा पहले से लगा हुआ है लेकिन खड़ंजा बहुत घरों से नीचे लगा है। जिस पर सभी ग्रामवासियों के नाली का पानी व बरसात का पानी भर जाता है। जिससे बच्चों को स्कूल जाने व मुहल्ले वालों को निकलने में समस्या होती है। सभी मुहल्लेवासी प्रधान के पास गए थे। प्रधान से अपनी समस्या बताकर खड़ंजे में मिट्टी पुराकर खड़ंजे को ऊंचा कराकर लगवाने के लिए तैयार हैं। लेकिन ग्राम के किरतन पुत्र छिट्टन व विशुनु पुत्र छिट्टन आदि लोग खड़ंजा लगाने नहीं दे रहे हैं। लगातार धमकियां दी जा रही है। जिससे लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने मांग किया कि उक्त लोगों पर कठोर कानूनी कार्रवाई करते हुए खड़ंजा की मरम्मत करवाई जाए। इस मौके पर रीता देवी, गुड़िया देवी, सुनीता देवी, सुरेन्द्र, रामलखन, दिलीप आदि मौजूद रहे।



# प्रयागराज-पटना अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विन्ध्याचल में चैत्र नवरात्रि मेला के दौरान निम्नलिखित अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत हैः-

गाड़ी संख्याः 04112/04111 प्रयागराज-पटना-प्रयागराज अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी

| गाड़ी सं. 04112 प्रयागराज- पटना | | | गाड़ी सं. 04111 पटना - प्रयागराज | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 11:15 | प्रयागराज | 07:15 | ---- |
| 11:28 | 11:30 | नैनी | 06:30 | 06:32 |
| 11:50 | 11:52 | मेजा रोड | 05:53 | 05:55 |
| 12:15 | 12:17 | माण्डा रोड | 05:33 | 05:35 |
| 12:40 | 12:50 | विन्ध्याचल | 05:00 | 05:10 |
| 13:10 | 13:12 | मिर्जापुर | 04:43 | 04:45 |
| 13:40 | 13:42 | चुनार | 04:15 | 04:17 |
| 15:30 | 15:40 | पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन | 03:20 | 03:30 |
| 18:05 | 18:07 | दिलदार नगर | 00:38 | 00:40 |
| 18:32 | 18:34 | बक्सर | 00:10 | 00:12 |
| 18:58 | 19:00 | रघुनाथपुर | 23:35 | 23:37 |
| 19:30 | 19:32 | आरा | 23:10 | 23:12 |
| 20:18 | 20:20 | दानापुर | 22:10 | 22:12 |
| 21:15 | ----- | पटना | ----- | 21:50 |

**प्रयागराज से** : गाड़ी संख्या 04112, दिनांक - 19.03.2026 से 02.04.2026
**पटना से** : गाड़ी संख्या 04111, दिनांक - 19.03.2026 से 02.04.2026

नोटः- ट्रेन से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं0 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 605/26(DG)

# गौसेवा से जुड़ा वैश्य समाज, एकता का दिया संदेश

## - रामदास अग्रवाल जयंती पर सेवा वर्ष 2026 का लिया संकल्प

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन के संस्थापक रामदास अग्रवाल की जयंती के अवसर पर वैश्य समाज ने एकता दिवस को गौसेवा के साथ मनाते हुए सेवा और सहयोग का संदेश दिया। मंगलवार को टिक्सी मंदिर, ग्वालियर रोड स्थित गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गायों को चारा व गुड़ खिलाकर सेवा की तथा वर्ष 2026 को गौसेवा वर्ष के रूप में मनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन की इटावा इकाई द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर संगठन के संरक्षक ध्रुव कुमार गुप्ता एवं जिलाध्यक्ष विवेक गुप्ता ने कहा कि वैश्य एकता दिवस का मुख्य उद्देश्य समाज को एकजुट करते हुए सेवा कार्यों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि इसी भावना के तहत इस वर्ष गौसेवा को विशेष प्राथमिकता दी गई है। जिलाध्यक्ष विवेक गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज सदैव सेवा, सहयोग और संस्कारों की परंपरा को आगे बढ़ाता रहा है और गौसेवा के माध्यम से समाज अपने सांस्.तिक दायित्वों का निर्वहन कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान गौशाला प्रबंधन ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए गौशालाओं के संचालन में निरंतर सहयोग करने एवं गोघास निकालने की अपील की। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष (महिला) कामिनी गुप्ता, महिला इकाई जिलाध्यक्ष निरंजना गुप्ता, आभा गुप्ता, जिला महामंत्री राकेश गुप्ता, राजेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष संजीव अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अनुपम कौशल, चंदन पोरवाल, अंकुर गुप्ता, प्रदीप गुप्ता सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# बैंक-एटीएम की सघन चेकिंग, पुलिस रही अलर्ट

## - सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने को चला अभियान



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर बैंक एवं एटीएम चेकिंग अभियान चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में यह अभियान संचालित किया गया। अभियान के तहत थाना प्रभारियों द्वारा अपने–अपने क्षेत्र में स्थित बैंकों और एटीएम केंद्रों की सघन जांच की गई। इस दौरान बैंक परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया और बैंक प्रबंधकों व सुरक्षा गार्डों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। पुलिस टीमों ने सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अलार्म सिस्टम की स्थिति, सुरक्षा गार्डों की तैनाती और उनकी सतर्कता का निरीक्षण किया। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। चेकिंग के दौरान बैंक और एटीएम के आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की भी जांच की गई। इसके अलावा आम नागरिकों को बैंक से धनराशि निकालते या जमा करते समय सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस का यह अभियान जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सु.ढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# ईद व चैत्र नवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक, प्रशासन सतर्क

## - त्योहारों पर व्यवस्था दुरुस्त रखने और अफवाहों पर सख्ती के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। आगामी त्योहारों ईद–उल–फितर एवं चैत्र नवरात्रि को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक पुलिस लाइन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं, महंतों, मौलवियों एवं नागरिकों ने अपनी समस्याएं और सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। मंदिरों एवं मस्जिदों में साफ–सफाई, बिजली और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही स्पष्ट किया गया कि कोई नई परंपरा लागू न की जाए तथा ईद की नमाज मस्जिदों के भीतर ही अदा की जाए। प्रशासन ने छुट्टा गोवंश को गौशालाओं में भिजवाने, विद्युत तारों को व्यवस्थित कराने और स्वास्थ्य विभाग को एम्बुलेंस व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नमाज के दौरान भीड़ अधिक होने पर उसे चरणों में संपन्न कराने की व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। बैठक में यह भी कहा गया कि सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक खबरों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही त्योहारों के दौरान पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




# सामाजिक आदर्श अधिवक्ता संगठन के प्रत्याशी घोषित

## - आलोक शर्मा अध्यक्ष व इन्द्रजीत यादव लड़ेंगे महामंत्री पद का चुनाव

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कलेक्ट्रेट स्थित पुस्तकालय भवन में सामाजिक आदर्श अधिवक्ता संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में सैकड़ों अधिवक्ताओं की उपस्थिति के बीच आगामी बार एसोसिएशन चुनाव के लिए प्रत्याशियों के नामों की आधिकारिक घोषणा की गई। संगठन के संरक्षक आनंद पांडेय ने वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव लोचन शुक्ला, ओपी द्विवेदी और चेतन शुक्ला की मौजूदगी में चुनावी बिगुल फूँका। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी आलोक शर्मा और महामंत्री पद के लिए प्रत्याशी इन्द्रजीत यादव को संगठन का उम्मीदवार बनाया गया। प्रत्याशियों के नामों की घोषणा होते ही परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। उपस्थित अधिवक्ताओं ने फूल–माला पहनाकर दोनों प्रत्याशियों का भव्य स्वागत किया और उन्हें भारी मतों से विजय दिलाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि आलोक शर्मा और इन्द्रजीत यादव की जोड़ी अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहती है। ईमानदार नेतृत्व से बार एसोसिएशन में विकास कार्यों को गति मिलेगी। प्रतिनिधि ही आज की जरूरत हैं। इस अवसर पर सुरेश कुमार यादव, शैलेंद्र सिंह यादव, उमेश कुमार द्विवेदी, नितेश द्विवेदी, प्रभाकर दीक्षित, अंशुमन द्विवेदी, आदित्य शर्मा, अंशुमन शर्मा, सत्येंद्र मौर्य और शिबू तिवारी सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में आगामी चुनाव में जीत दर्ज करने का आह्वान किया।



# बसपा कार्यकर्ता समीक्षा बैठक में संगठन मजबूती पर जोर

## - आगामी विधानसभा चुनाव 2027 के लिए रणनीति तय

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बहुजन समाज पार्टी की शहर स्थित मुराईन टोला के एक हाल में बुधवार को जिला स्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष वीर प्रकाश लोधी व संचालन सूर्य भवन गौतम ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य मंडल प्रभारी सतीश कुमार जाटव एवं मुख्य प्रभारी पंकज गौतम एडवोकेट मौजूद रहे। वरिष्ठ अतिथि के तौर पर मंडल प्रभारी एवं पूर्व विधायक मुरलीधर गौतम ने भी सहभागिता की। मुख्य प्रभारी पंकज गौतम ने अपने संबोधन में सपा व कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दलित–विरोधी पार्टियां चुनाव नजदीक आते ही वोट बैंक की राजनीति के तहत मान्यवर कांशीराम की जयंती मनाने का दिखावा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जिन पार्टियों ने अपने शासनकाल में कांशीराम को उचित सम्मान नहीं दिया, वे अब राजनीतिक लाभ के लिए उनके नाम का उपयोग कर रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से ऐसी राजनीति को समझने और सतर्क रहने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि सतीश कुमार जाटव ने 15 मार्च को आयोजित कांशीराम जयंती कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यदि इसी मेहनत और एकजुटता के साथ कार्य जारी रहा तो वर्ष 2027 में बहन मायावती को पांचवीं बार प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। जिलाध्यक्ष वीर प्रकाश लोधी ने कहा कि सर्वसमाज तेजी से बसपा से जुड़ रहा है और पार्टी 2027 में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। उन्होंने बताया कि बिंदकी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सूबेदार का पुरवा मजरे अमौरा निवासी अरविंद कुमार साहू अपने साथियों के साथ बसपा की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए। बैठक में महेश मिश्रा, मोहम्मद हाशिम, सुरेश पेशकार, सुनील गौतम, गाजी अब्दुर रहमान, अभिषेक शुक्ला, राम पाल, हेमराज वर्मा, गुलशन गौतम, सतीश पासी, गुलाब पासी, सर्वेश गौतम, मेवालाल गौतम, मनोज गौतम, फूलचंद्र, ब्रजेंद्र गौतम एडवोकेट, शकुंतला बौद्ध, मोहम्मद मुस्तफा मंसूरी, पी.के. गौतम, अंकित गौतम, रोशन लाल, दुल्ला सोनकर भी मौजूद रहे।



# नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य कार्यक्रम, विकास योजनाओं की दी जानकारी

## – प्रदर्शनी पंडाल में स्टॉलों का अवलोकन, युवाओं को वितरित किए नियुक्ति पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदर्शनी पंडाल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक सदर सरिता भदौरिया एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने की। इस दौरान नवनिर्माण के 9 वर्ष वार्षिक पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम का लखनऊ स्थित लोक भवन सभागार से लाइव प्रसारण नुमाइश पंडाल में देखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। साथ ही पत्रकारों के साथ प्रेस वार्ता आयोजित कर विभिन्न विकास योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया गया तथा सेवायोजन विभाग के अंतर्गत चयनित युवाओं को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। संबोधन में बताया गया कि प्रदेश में बीते नौ वर्षों में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाया गया है तथा स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। मेडिकल सुविधाओं के विस्तार, एक्सप्रेसवे निर्माण और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन को व्यापक लाभ मिला है। महिला सशक्तिकरण पर बल देते हुए कहा गया कि विभिन्न योजनाओं से महिलाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता में वृद्धि हुई है। प्रदेश को विकास की दिशा में आगे बढ़ाने और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई गई। कार्यक्रम में पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, महामंत्री प्रशांत राव चौबे, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, एसपी सिटी सहित जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# जौनई में लगा कृषि ज्ञान मेला, किसानों को दी आधुनिक खेती की जानकारी

## – वैज्ञानिक खेती अपनाने और योजनाओं का लाभ लेने के लिए किया गया प्रेरित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। संभागीय कृषि परीक्षण एवं प्रदर्शन केंद्र जौनई पर 17 मार्च को एक दिवसीय .षि ज्ञान मेला, .षक गोष्ठी एवं .षि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मेले में बीज परीक्षण, मृदा परीक्षण, पशुपालन, जैविक खेती एवं श्री अन्न (मिलेट्स) से संबंधित विभिन्न स्टॉल लगाए गए। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश बीज प्रमाणीयकरण संस्था एवं निजी बीज विक्रेताओं ने भी अपने स्टॉल लगाए। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि सचिन यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर किसानों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया तथा वैज्ञानिक खेती अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने का आह्वान किया गया। उप .षि निदेशक (शोध) आर.एन. सिंह ने केंद्र की स्थापना, उद्देश्य एवं यहां संचालित कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा जैविक खेती के महत्व को बताया। जिला .षि अधिकारी ओकार सिंह ने .षि निवेशों की उपलब्धता पर प्रकाश डाला। मानव कल्याण प्रतिष्ठान के संयुक्त सचिव प्रकाश नारायण त्रिपाठी ने जैव उर्वरकों के प्रयोग और मृदा में जैविक कार्बन बढ़ाने के उपाय बताए। विषय वस्तु विशेषज्ञ सत्येन्द्र सिंह ने रबी एवं खरीफ फसलों की देखभाल और रोगों से बचाव की जानकारी दी, जबकि वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक हरेन्द्र सिंह ने फल एवं सब्जी उत्पादन पर प्रकाश डाला। जिला उद्यान अधिकारी श्याम सिंह ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। अंत में उप .षि निदेशक (शोध) आर.एन. सिंह ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं किसानों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।



न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक न्यूज वाणी में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
11 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
फतेहपुर की मशहूर व पुरानी दुकान
जाफ़री चश्में वाले
थोक व फुटकर चश्में
39, नवीन मार्केट, पुराना R.T.O. आफिस
करूणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने
(निकट पत्थर कटा चौराहा), फतेहपुर (उ.प्र.)
कानपुर के मशहूर डॉक्टर द्वारा आपरेशन की सुविधा।
नोट- डाक्टर का पर्चा लाने पर मात्र आधे घण्टे में चश्मा व 10 प्रतिशत की छूट सहित प्राप्त करें।
कान की मशीन मात्र 450/– में
कान्टेक्ट लेंस मात्र 350/– में
सम्पर्क सूत्र : 05180-228339, 9451548620
प्रो. नफीस अहमद जाफ़री
संपादक-राष्ट्रीय हिंदी दैनिक न्यूज वाणी

# ट्रिपल आत्महत्या कांड : फरार आरोपी पर 25 हजार का इनाम घोषित

### – फरार आरोपी की तलाश तेज, जल्द गिरफ्तारी का दिया भरोसा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले में गंभीर अपराध के मामले में पुलिस प्रशासन ने सख्त और संवेदनशील रुख अपनाया है। ट्रिपल आत्महत्या कांड के फरार मुख्य आरोपी राहुल श्रीवास्तव पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया गया है। पुलिस की ओर से फरार आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है और उसकी जल्द गिरतारी का भरोसा दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि आरोपी की तलाश में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विभिन्न टीमों के जरिए लगातार दबिश दी जा रही है। मुखबिरों को सक्रिय किया गया है। बहुत जल्द मुख्य आरोपी को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया जाएगा। परिवार ने अपनी चिंताओं और समस्याओं से एसपी को अवगत कराया। जिस पर उन्होंने तुरंत संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। एसपी ने साफ शब्दों में कहा कि मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कानून का पालन कराने और दोषियों को सजा दिलाने में पुलिस कोई कोर–कसर नहीं छोड़ेगी। पुलिस के अनुसार आरोपी राहुल घटना के बाद से फरार है। उसकी गिरतारी के लिए छापेमारी, दबिश और मुखबिर तंत्र को पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है। क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है ताकि आम लोगों में सुरक्षा की भावना बनी रहे और कोई भी अपराधी निश्चिंत न हो सके। एसपी ने स्पष्ट संदेश दिया कि कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# लालीपुर गांव में घर से चौबीस सिलेंडर जब्त, एफआईआर दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भिटौरा विकास खंड के अंतर्गत लालीपुर गांव में पूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण और कथित कालाबाजारी का भंडाफोड़ किया है। मुखबिर की सूचना पर टीम ने गांव निवासी मोनू पुत्र छेदीलाल के घर पर छापेमारी की, जहां कुल 24 गैस सिलेंडर बरामद हुए। इनमें 6 भरे हुए और 18 खाली सिलेंडर शामिल थे। सभी सिलेंडरों की सील खुली हुई मिली जिससे अवैध उपयोग और कारोबार की पुष्टि हुई। मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ में पता चला कि यहां गैस सिलेंडरों की खरीद–फरोख्त की जा रही थी, लेकिन आरोपी पक्ष कोई वैध दस्तावेज या लाइसेंस पेश नहीं कर सका। जांच में यह मामला द्रवित पेट्रोलियम गैस (विनियमन एवं वितरण) आदेश 2000 के उल्लंघन के रूप में सामने आया, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत दंडनीय अपराध है। कार्रवाई के दौरान सभी 24 सिलेंडरों को कब्जे में लेकर शास्त्री इंडेन गैस सर्विस को सुपुर्द कर दिया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ थाना हुसैनगंज में आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी सुनील पुष्कर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर टीम ने छापेमारी की, जहां अवैध रूप से गैस सिलेंडरों का भंडारण पाया गया। कुल 24 सिलेंडर बरामद हुए हैं। मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है और आगे की जांच जारी है।

# साप्ताहिक बंदी का कड़ाई से अनुपालन कराने की मांग

### – उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उत्तर प्रदेष उद्योग व्यापार मंडल ने साप्ताहिक बंदी का जिले में कड़ाई से अनुपालन कराए जाने की मांग को लेकर अपर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। दिए गए ज्ञापन में जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने बताया कि जिले में किसी भी



स्थान पर साप्ताहिक बंदी नहीं हो रही है। जिससे व्यापारी वर्ग जिसे सप्ताह में एक दिन अपने जरूरी कार्य निपटाने हेतु समय नहीं मिल पा रहा है। जिले में साप्ताहिक बंदी का दिन पूर्व में ही निर्धारित किया गया है लेकिन श्रम विभाग की लापरवाही के कारण बंदी का पालन पूर्णतः नहीं हो पा रहा है। कहा कि साप्ताहिक बंदी के दिन व्यापारी अपने प्रतिश्ठान को खोलता है तो बंद दुकानों के ग्राहक का अन्य प्रतिश्ठान में जाना स्वाभाविक हो जाता है जिस कारण न चाहते हुए भी सभी व्यापारी अपने प्रतिश्ठान खोल देते हैं। इसमें श्रम विभाग द्वारा बंदी के दिन सभी बाजारों का निरीक्षण करना अत्यंत आवष्यक है। मांग किया कि समस्या को संज्ञान में रखते हुए पूरे जिले में साप्ताहिक बंदी का कड़ाई से पालन करवाया जाए। साथ ही संबंधित श्रम विभाग के अधिकारियों को निरीक्षण करने के निर्देष दिए जाएं। इस मौके पर बिंदा प्रसाद अग्रहरि, दयाषंकर गुप्ता, कुंवारे सिंह, हिदायतुल्लाह उर्फ सईद खां आदि मौजूद रहे।

# पारदर्शिता के साथ अंतिम छोर तक पहुंची योजनाएं : अजीत

### - जिले में मेडिकल कालेज की स्थापना को बताया उपलब्धि
### - प्रभारी मंत्री ने केन्द्र व प्रदेश सरकार के नौ वर्षो के कार्यकाल की गिनाई उपलब्धियां

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में बुधवार को जिले के प्रभारी मंत्री अजीत सिंह पाल ने प्रदेश एवं केंद्र सरकार के पिछले नौ वर्षों के कार्यों का विस्तृत रिपोर्ट कार्ड पेश किया। उन्होंने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और विकास परियोजनाओं को गिनाते हुए इन्हें जनता के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियां बताया। प्रभारी मंत्री ने



पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को सीधे खाते में आर्थिक मदद मिल रही है जिससे उनकी आय में मजबूती आई है। प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों को पक्के मकान मिले हैं। इसके अलावा मुत राशन, शौचालय निर्माण, वृद्धावस्था पेंशन जैसी योजनाएं समाज के हर तबके तक पहुंच रही हैं। युवाओं के डिजिटल सशक्तिकरण के लिए टैबलेट–स्मार्टफोन वितरण और रोजगार सृजन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने युवा शक्ति को नई दिशा दी है। स्वास्थ्य क्षेत्र में जनपद में मेडिकल कॉलेज की स्थापना को बड़ी उपलब्धि बताते हुए उन्होंने स्थानीय स्तर पर बेहतर इलाज की सुविधा का जिक्र किया। सड़क निर्माण, बिजली आपूर्ति में सुधार और समग्र बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने का दावा करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि हमारी योजनाएं पारदर्शिता के साथ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। यह नौ साल सिर्फ समय नहीं, बल्कि जन–कल्याण का सुनहरा काल रहा है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, विधायक खागा कृश्णा पासवान, जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक भी मौजूद रहे।

# पत्रकारो के कटीले सवालो पर जवाब देने में पल्ला झाड़ते रहे प्रभारी मंत्री

फतेहपुर। योगी सरकार की नौ साल की उपलब्धियों को का कसीदा पढ़ने आये जिले के प्रभारी मंत्री अजीत सिंह पाल पत्रकारो के जायज एंव बुनियादी सवालो का जवाब देने में पल्ला झाड़ते रहे। हर सवाल को हल्के में लेकर जांच कराने का आश्वासन पूरी पत्रकार वार्ता के दौरान देते रहे। बुधवार को प्रभारी मंत्री अजीत पाल सिंह प्रदेश की योगी सरकार के नौ वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में पत्रकारो से बातचीत कर रहे थे। सर्वप्रथम मंत्री ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाने का जो सिलसिला षुरू किया वह काफी देर तक लगातार जारी रहा। अब बारी आई पत्रकारो के सवालो की। पत्रकारो ने कोराई रोड स्थित बांदा सागर मार्ग के टोल प्लाजा पर वसूली का मुददा उठाया और बताया कि इस मार्ग पर सिर्फ ओवरलोड मोरंग की गाड़िया ही फर्राटे भर रही है। इस मार्ग की आठ किलोमीटर सड़क जर्जर है। इसे बनवाने की दिशा में सरकार व प्रशासन चुप्पी साधे हुये है। पत्रकारो ने जिले में व्याप्त खाद समस्या, बेरोजगारी, सरकारी जमीनो पर सत्तापक्ष के नेताओं द्वारा कब्जा करने के लिए जिला कारागार की एक बीघा जमीन पर सत्तापक्ष के नेता द्वारा कब्जा किये जाने का मामला मंत्री के समक्ष उठाया। इसके अलावा ग्राम पंचायतो में व्याप्त भ्रष्टाचार के मुददो पर भी चर्चा हुयी। पत्रकारो ने कहा कि जांच मे दोषी पाये जाने के बाद भी सत्तापक्ष के विधायको का संरक्षण होने के कारण अधिकारी कार्यवाही नही कर रहे है। कुल मिलाकर मंत्री जी पत्रकारो के सवालो पर पल्ला झाड़ते रहे।

# आदर्श अधिवक्ता संगठन के प्रत्याशियों ने कराया होली मिलन

### - अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को दी बधाई

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन हाल कलेक्ट्रेट में आदर्श अधिवक्ता संगठन के तत्वाधान में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी विजय कुमार सिंह व महामंत्री पद के प्रत्याशी अनुराग नारायण उर्फ पुत्तन मिश्र ने होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया। विजय कुमार सिंह व अनुराग नारायण उर्फ पुत्तन मिश्र ने कहा कि देश में होली बहुत ही सुन्दर महत्वपूर्ण त्योहार है। जिस प्रकार होली के त्योहार में जाति बात, ऊंच–नीच, अमीरी गरीबी का भेदभाव मिट जाता है उसी तरह प्रकार यदि अधिवक्ताओं के आशीर्वाद व सहयोग से हम चुनाव जीतते हैं तो हम अधिवक्ताओं के मान सम्मान व उनके हितों के साथ–साथ जूनियर अधिवक्ताओं के लिए विधिक कार्यशाला का आयोजन व उनके बैठने के लिए उचित स्थान की व्यस्था, जो आम अधिवक्ताओं को प्रशासनिक न्यायालयों व जनपद न्यायालय में विधिक कार्य करने समस्या का सामना करना पड़ रहा है निराकरण हर स्तर पर जाकर किया जाएगा। होली मिलन समारोह में मुख्य रूप से प्रमोद कुमार उपाध्याय, हंसराज सिंह, महेशकांत त्रिपाठी, सुशील मिश्रा, प्रेम शंकर तिवारी, हितेंद्र सिंह, मणि प्रकाश दुबे, अनिल तिवारी, देवेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेश यादव, सुधीरवी तिवारी, राजेश मौर्य, अभिषेक सिंह, अमित पाण्डेय, अवधेश सिंह, अजय मिश्र, शाष्वत गर्ग, ऋतिक पाल, पूर्णेन्दु अग्निहोत्री, नितिन तिवारी, रंजीत सिंह पटेल, शिवकरण सोनी, संतोष द्विवेदी, अभय सिंह, चंद्रिका सिंह, राजेंद्र भान सिंह, महेंद्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह, नागेन्द्र सिंह, संदीप तिवारी, संदीप यादव भी मौजूद रहे।

# जनपद न्यायालय के विटनेस शेड में लगा रक्तदान शिविर

### - जिला जज ने किया शुभारंभ, 18 लोगों ने किया रक्तदान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रास



सोसाइटी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायालय के विटनेस शेड में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश सुधीर कुमार ने फीता काटकर किया। जनपद न्यायाधीश को रेडक्रास चेयरमैन व प्रदेष कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग द्वारा बैज अलं.त, पुष्पगुच्छ, शाल, प्रतीक चिन्ह एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को शाल व पौध भेंटकर सम्मानित किया। रक्तदानियों में जनपद न्यायाधीश सुधीर कुमार (पंचम), पलाश गांगुली पूर्णकालिक सचिव, अविनाश एसीजीएम, अनिल उमराव सिविल जज, शीलू शेखर, शिवसौरभ मिश्र डिप्टी चीफ, अशोक कुमार, अभय पांडेय, सिद्धार्थ पटेल, भृगु कुमार, अमित सिंह, विनायक रघुवंशी, शाष्वत तिवारी, विनय कुमार, अविनाश कुमार, सुशील, अरुण कुमार, प्रशांत श्रीवास्तव कुल 18 ने रक्तदान किया व 35 लोगों ने रेडक्रास द्वारा आयोजित अगले शिविर में रक्तदान हेतु रजिस्ट्रेशन कराया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व रेडक्रास चेयरमैन द्वारा रक्तदानियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही डॉ अनुराग ने सभी रक्तदानियों व उनके परिवारीजनों को चिकनपॉक्स से बचाव हेतु होमियोपैथिक औषधि प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजीव नयन गिरि, पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन राकेश वर्मा, पूर्व महामंत्री आशीष गौड़, अधिवक्ता रमेश सिंह भदौरिया, ऐष्वर्या श्रीवास्तव, रविप्रताप सिंह, एनजीओ प्रकोष्ठ संयोजक सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, सलाहकार संजय कुमार श्रीवास्तव, रामप्रकाश मौर्य, चैतन्य कुमार संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ, प्रेमचंद्र मौर्य, जिला अस्पताल रक्तकेन्द्र से डॉ अभिषेक सिंह, रक्त संचरण समिति संयोजक अशोक शुक्ल, बृजकिशोर, विनोद कुमार, दीपाली, संतोष कुमार, दिव्या वर्मा, नरेंद्र कुमार, सुलभ श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# वृद्धाश्रम में रोजगार की पहल, बुजुर्ग बने आत्मनिर्भर

### – अगरबत्ती–मोमबत्ती से आत्मनिर्भरता की राह पर वृद्ध

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के जमालपुर मवइया स्थित वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को आत्मनिर्भर और सक्रिय बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। अटल वयो अभ्युदय योजना एवं समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से गैर सरकारी संस्था युवा विकास समिति द्वारा उत्पादन आधारित व्यावसायिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस पहल के तहत चार दिवसीय कार्यशाला आयोजित कर करीब 150 बुजुर्गों को हस्तशिल्प, अगरबत्ती, मोमबत्ती सहित अन्य लघु उत्पादन कार्यों का प्रशिक्षण दिया गया। विभाग द्वारा प्रतिभागियों को अगरबत्ती निर्माण के



लिए कच्चा माल भी उपलब्ध कराया गया जिससे वे प्रशिक्षण के बाद भी कार्य जारी रख सकें। कार्यक्रम का उद्देश्य बुजुर्गों के अनुभव और कौशल का उपयोग कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और सामाजिक रूप से सक्रिय रखना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला और उन्होंने नए कार्यों को सीखने में गहरी रुचि दिखाई। आयोजकों का मानना है कि इस तरह की पहल बुजुर्गों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने में भी मदद करती है। कार्यक्रम में बिंदकी के पूर्व विधायक करण सिंह पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा आश्रम संचालिका नीतू वर्मा, संस्था अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा, अशोक यादव, कंचन जी तथा जिला उद्योग अधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन बुधवार को किया जाएगा।

# नरौली गांव की पुलिया निर्माण की मिली स्वीकृति

### - जिला पंचायत सदस्य ने बोर्ड बैठक में उठाया था मुद्दा
### - सिंचाई विभाग का ड्रेनेज खण्ड कराया निर्माण, ग्रामीणों को मिलेगी राहत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सीर से समदा सहोदर व नरौली गांव की पुलिया पिछले दस वर्शों से टूटी पड़ी थी। जिससे ग्रामीणों को आने–जाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी ने जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में उठाया था। जिसके बाद सिंचाई विभाग के ड्रेनेज खण्ड से निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। जिससे ग्रामीणों को अब राहत मिलेगी। जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह रिंकू लोहारी सड़क, विद्युत, लोक निर्माण विभाग के माध्यम से जमरावां क्षेत्र में सबसे ज्यादा विकास कार्य लगातार करवा रहे हैं। इसी क्रम में श्री लोहारी ने बताया कि उनके क्षेत्र गंगा कटरी से जुड़े होने के कारण छोटे–छोटे बरसाती नाले व झील गंगा से जुड़े हैं। ड्रेनेज खण्ड द्वारा लगातार पुलिया बनवाकर दो गांवों के मध्य की दूरी कम कर रहे हैं। वर्श 2025–26 में दयालपुर से लोहारी मुराइन का पुरवा में ड्रेनेज विभाग की ओर से पुल का निर्माण चालू है। जिला पंचायत बैठक में मांग पर अधिषाशी अभियंता ड्रेनेज खण्ड द्वारा सीर गांव से समदा सहोदर के मध्य पुरानी जर्जर पुलिया टूटने के कारण दोनों गांव के मध्य पानी भरा होने के कारण आवागमन बंद था। जिसके लिए



दस किलोमीटर का रास्ता तय करना पड़ता था। नरौली गांव से रामपुर महेवा के मध्य टूटी पुलिया के कारण आठ किलोमीटर का रास्ता घूमकर जाना पड़ता है। ड्रेनेज खण्ड द्वारा दोनों पुलियों को कार्य योजना में षामिल करने के उपरांत अतिषीघ्र बनाकर जनता को समर्पित करेंगे। श्री लोहारी ने बताया कि क्षेत्र व जनता की समस्या को जानकर संबंधित विभाग द्वारा सभी कार्य मुख्यमंत्री योगी की सरकार में विकास की धारा बह रही है।

# जमानत पर छूटे हत्यारोपी ने निष्पक्ष जांच मांगी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर कोतवाली के बाईपास इलाका में एक वर्ष पूर्व हुई एक मौत की घटना को लेकर बिषौली निवासी आशीष शुक्ला ने जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक को शपथ पत्र के साथ शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। आरोप है कि आरटीओ चौकी की प्रभारी अनीश शुक्ला व तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक ने उसको हत्या जैसी घटना में निर्दोष होने के बावजूद भी जेल भेज दिया था। इस घटना को लेकर एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि अखबार वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। मामला एक वर्ष पुराना है। बीते 16 जनवरी 2025 को लखनऊ बाईपास इलाका में संचालित धर्मेंद्र बाडी मेकर के यहां आशीष शुक्ला की टाईगर कंपनी के गार्ड ड्यूटी पर थे। भोर के करीब साढ़े तीन बजे वहां ई–रिक्शा लेकर दो युवक पहंचे और चोरी करने लगे। गार्ड ने देखा तो शोर मचाया। आसपास के लोग आ गये और युवकों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन एक ही युवक पकड़ में आया, जिसके साथ भीड़ ने मारपीट कर दिया था। चोरी की सूचना पर 112 डायल पुलिस भी पहुंची। युवक को पकड़ कर बाईपास चौकी पुलिस के हवाले कर दिया। इसके बाद सांयकाल अचानक युवक की मौत हो गई थी। मृतक युवक घनश्याम सिंह पुत्र बहादुर सिंह निवासी बिसौली बताया गया। इस सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है। वह मृतक घनश्याम की बातचीत का बताया जा रहा है। मृतक की बातचीत पर गौर करें तो बिसौली गांव के निवासियों का नाम लेकर युवक कह रहा है कि मुझे तीन लाख रुपये हत्या करने के लिये वीर सिंह दे रहे थे। हत्या की सुपारी देने वाले का नाम रामसिंह बता रहा था। गरीबी होने के कारण वह लालच में घटना करने के लिये गया था। पीड़ित आशीष निवासी बिसौली ने इसी मामले का शपथ पत्र के साथ घटना की सही व निष्पक्ष जांच कराने की मांग उच्चाधिकारियों से की है। उनका आरोप है कि अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को आरटीओ चौकी प्रभारी अनीश शुक्ला का संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण उसे फर्जी तौर पर हत्या के जुर्म में जेल भेजा गया और करीब एक साल बाद वह जमानत से बाहर आया है।

# शिक्षामित्र की इलाज के दौरान मौत, परिजनों ने काटा हंगामा

न्यूज वाणी ब्यूरो

चौडगरा, फतेहपुर। एक माह पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल शिक्षामित्र की बीमारी के चलते बीती देर शाम हैलेट अस्पताल कानपुर में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शिक्षामित्र बृजेंद्र की मौत की खबर आसपास इलाके में आग की तरह फैल गई और इलाकाई लोगों का जमवाडा लगने लगा। बता दें कि कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गूंझी गांव निवासी बृजेंद्र कुमार शिक्षामित्र थे तथा पूर्व में सरकार द्वारा दी गई बीएलओ की जिम्मेदारी निभा रहे थे। बीती 11 फरवरी को ड्यूटी जाते समय बृजेंद्र एक आवारा मवेशी से टक्कर होने से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बृजेंद्र का हाथ टूट गया। परिजनों का आरोप है कि तब से बृजेंद्र को डॉक्टर ने आराम की सलाह दी थी। बृजेंद्र ने उच्चाधिकारियों से अवकाश हेतु प्रार्थना भी की थी लेकिन किसी भी अधिकारी ने बृजेंद्र की मजबूरी और चोट की परवाह नहीं की। जिस कारण वो अधिक दवाओं का सेवन कर करके जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे थे। छुट्टी न मिल पाने के कारण अधिक दवाओं के सेवन से बृजेंद्र की तबियत खराब हो गई। जिन्हें बीती नौ तारीख को हैलेट अस्पताल कानपुर नगर में भर्ती करवाया गया। जहां उपचार के चलते मंगलवार की शाम बृजेंद्र की सांसे थम गई। इधर घटना की खबर जैसे ही शासनिक व प्रशासनिक अमले को लगी तो तुरंत राजस्व व पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर शव का अंतिम संस्कार करवाने हेतु दबाव डालने लगे। उधर ग्रामीणों को जैसे ही प्रशासन द्वारा शव को उठाने के लिए लाई गई गाड़ी की सूचना लगी तो ग्रामीणों ने जमकर बवाल काटा। षव को उठने नहीं दिया। रात भर जद्दोजहद चली, राजस्व व पुलिस विभाग के आला अफसरो का आना–जाना लगा रहा लेकिन ग्रामीणों के आगे किसी की एक भी न चाली। सुबह पुनः सरकारी अमला गांव पहुंच शव को ले जाने के लिए दबाव बनाता रहा लेकिन मौके पर एकत्रित भीड़ ने किसी को भी पास नहीं भटकने दिया। दोपहर लगभग बारह बजे नायब तहसीलदार रचना यादव ने पीड़ित परिवार को शासन द्वारा मदद दिलवाने का आष्वासन दिया। शासन को पत्र भी लिखा जिसमें मुख्य बिंदु मृतक की पत्नी को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति मिलने, बच्चों की शिक्षा हेतु स्कॉलरशिप दिलवाने, बच्चों के भविष्य को देखते हुए 10–10 लाख की फिक्स डिपोजिट करवाई जाए, भूमिहीन परिवार को भरण पोषण हेतु भूमि आवंटित की जाए, तब जाकर ग्रामीणों ने शव को उठने दिया तथा पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया।

## पति चले गए, हमार लरिका अनाथ होईगा

पति के मौत की खबर सुनकर पत्नी शशिकला बेसुध हो गई। बार–बार चीख पुकार कर अपने पति की जान जाने के लिए शासन प्रशासन को दोषी ठहरती रही। एक ही शब्द बार–बार दोहराती रही कि पति चले गे, हमार लरिका अनाथ होई गें। बता दें कि बृजेंद्र के पिता बदलू 65 वर्षीय वृद्ध किसान है। मृतक बृजेंद्र चार भाई थे। जिसमें बृजेंद्र दूसरे नंबर के थे। अन्य भाई लालजी पाल बड़े भाई और सुनील व अनिल छोटे भाई रहे। बृजेंद्र की शादी 15 वर्ष पूर्व शशिकला के साथ हुई थी। मृतक बृजेंद्र के दो पुत्र ऋतिक पाल 12 वर्ष, नवनीत पाल 8 वर्ष है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )